




बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 31 मई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 123 | मूल्य - 5 रुपये










HONDA




3000/-*
लॉयल्टी बोनस
होंडा के पुराने कस्टमर्स के लिए

हर हिन्दुस्तानी की पहली पसंद इंडिया का
नंबर 1 स्कूटर




| इंस्टेंट कैशबैक | न्यूनतम ब्याज दर | लोन | बिना | 3+7* |
|---|---|---|---|---|
| ₹5000# | @6.99%* | 100%* तक | हाइपोथिकेशन* | 10 साल की वारंटी उपलब्ध |

सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट
पर अपना पसंदीदा होंडा वाहन ले जाईये ...*

ड्रीम्स होंडा गोंदिया रोड, बालाघाट
8349272776, 8349032276

नियम एवं शर्तें लागू*

| बैहर | कटंगी | वारासिवनी | लालबर्रा | किरनापुर | लांजी | बिरसा | चांगोटोला | खैरलांजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8269793376 | 8109182276 | 9893782276 | 8461905148 | 8085882276 | 8827156863 | 9669526297 | 8959143504 | 8962992776 |



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी

मो. 7898530101

जग प्रेरणा

जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

# धूमा पुलिस ने गौहत्या के प्रयास को किया विफल, 06 गौवंश मुक्त कराए, 03 आरोपी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा सिवनी।

***पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना धूमा पुलिस ने गौवंश तस्करी के***

विरुद्ध त्वरित कार्यवाही कर 06 गौवंश मुक्त कराए एवं 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 30.05.2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति बंजारी घाट, नागनदेवरी की तरफ से गौवंश मवेशियों को बिना चारा-पानी के दौड़ाते, खदेड़ते, मारते-पीटते हुए कत्लखाना नागपुर ले जा रहे हैं।

सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना धूमा पुलिस ने हमराह स्टाफके साथ घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विक्की पिता संतोष झारिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 13, पिंडरई चौकी, थाना नैनपुर, जिला मंडला, दीपक पिता मुथुराप्रसाद झारिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 03, शांति कॉलोनी, धनौरा, थाना धनौरा, जिला सिवनी, राम सिंह पिता सुदाम ठाकुर (लोधी) उम्र 27 वर्ष, निवासी बेलखेड़ी कला, थाना रहली, जिला सागर बताया। आरोपियों के कब्जे से 06 नग गौवंश बरामद हुए, जिनके संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इन मवेशियों को नागपुर के कत्लखाने में बेचने ले जा रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध धारा 4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, धारा 6(ग), 7, 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं धारा 11(1)(घ) पशु क्रुरता निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। 06 नग गौवंश को सुरक्षित रखवाने हेतु गोपाल कृष्ण गौशाला में भिजवाया गया है।

## गिरफ्तार आरोपी..

विक्की पिता संतोष झारिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी पिंडरई, थाना नैनपुर, जिला मंडला, दीपक पिता मुथुराप्रसाद झारिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी शांति कॉलोनी, धनौरा, थाना धनौरा, जिला सिवनी, राम सिंह पिता सुदाम ठाकुर (लोधी), उम्र 27 वर्ष, निवासी बेलखेड़ी कला, थाना रहली, जिला सागर।

## सराहनीय भूमिका..

इस कार्यवाही में निरीक्षक डोमन सिंह मरावी, सहायक उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षक अरुण पटेल, शिवम बघेल, रवि यादव एवं 112 पायलट का सराहनीय योगदान रहा। गौवंश तस्करी एवं क्रूरता पर जीरो टॉलरेंस। आमजन से अपील है कि गौवंश से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 या नजदीकी थाना पर दें। सूचनाकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा एवं 5,000 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### ब्लेकमेलर लखनादौन पुलिस की गिरफ्त में..

# नाबालिगों को सिगरेट पिलाकर बनाया वीडियो, 12 लाख के सोने के हार जब्त, आरोपी गिरफ्तार..





जगप्रेरणा लखनादौन।

***पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन***

में थाना लखनादौन पुलिस ने ब्लैकमेलिंग एवं चोरी के मामले में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 29.05.2026 को शिकायतकर्ता मननारायण भारद्वाज निवासी समनापुर, लखनादौन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 27.05.2026 को आलमारी चेक करने पर ताला खुला मिला। आलमारी में रखे दो सोने के हार, कीमत लगभग 12 लाख रुपये गायब थे।

बच्चों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि पड़ोस में शादी में आए कृष्णा पटेल निवासी मोहद, थाना करेली, जिला नरसिंहपुर ने लगभग एक सप्ताह पूर्व दो नाबालिग बच्चों को सिगरेट पिलाकर उनका वीडियो बना लिया। इसके बाद वह वीडियो वायरल कर बदनाम करने एवं घर वालों को बताने की धमकी देकर रुपये व जेवरात की मांग करने लगा। आरोपी ने एक बच्चे का पैर साइलेंसर से जला दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण बच्चों ने घर की लोहे की पेटी का ताला खोलकर उसमें रखे दो सोने के हार निकालकर कृष्णा पटेल को दे दिए।

रिपोर्ट पर थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 224/2026, धारा 308(5), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान कृष्णा पिता कमलेश पटेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी मोहद, थाना करेली, जिला नरसिंहपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि उसने सोने के हार नरसिंहपुर में छुपाकर रखे हैं। आरोपी की निशानदेही पर कीमत लगभग 12 लाख रुपये के 02 सोने के हार जब्त किए गए। आरोपी का मोबाइल भी जप्त किया गया, जिसमें नाबालिग बच्चों के वीडियो पाए गए। आरोपी को माननीय न्यायालय लखनादौन में पेश कर उपजेल लखनादौन भेजा गया है।

**आरोपी**-कृष्णा पिता कमलेश पटेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी मोहद, थाना करेली, जिला नरसिंहपुर। **जप्त संपत्ति**- 02 सोने के हार, कीमत लगभग 12 लाख रुपये।

## सराहनीय कार्य..

इस कार्यवाही में निरीक्षक के.पी. धुर्वे, सउनि महेश कुमार उइके, प्र.आर. फकीरचंद उइके, आरक्षक अनील सोनकुवर की विशेष भूमिका रही।

# घंसौर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पहुंचाया जेल

### 50 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्यवाही..

जगप्रेरणा घंसौर।

***पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना घंसौर पुलिस ने नाबालिग बच्ची***

से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दिनांक 29.05.2026 को नाबालिग पीड़िता अपने माता-पिता के साथ थाना घंसौर पहुंची एवं रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसके माता-पिता मजदूरी के लिए बाहर शहर जाते हैं। वह गांव में भाई-बहन के साथ रहती है। गांव के ही तीरथ यादव, उम्र 50 वर्ष ने पिछले वर्ष दीपावली के समय पीड़िता को अकेला पाकर जबरन दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

इसके बाद भी आरोपी जब-जब पीड़िता को अकेला पाता, उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। डर के कारण पीड़िता ने माता-पिता या किसी अन्य को घटना नहीं बताई। पीड़िता के शरीर में परिवर्तन होने पर माता-पिता ने डॉक्टर से चेकअप कराया, जहाँ पीड़िता के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। रिपोर्ट पर आरोपी तीरथ यादव के विरुद्ध धारा 64(2)(एम), 65(1), 351(3) बीएनएस, धारा 3(1) **(W) (i)**,3(2)(1) एससी/एसटी एक्ट एवं धारा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घंसौर एल.एस. झारिया द्वारा टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी तीरथ यादव, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम मुंडा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय विशेष न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश कर जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

## सराहनीय कार्य..

इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी एल.एस. झारिया, आर. गोपाल यादव, आर. राजा पवार, आर. लक्ष्मण उईके, आर. भवन मरावी की विशेष भूमिका रही।

# प्राचीन सूर्य मंदिर का पाठ उत्सव 12 एवं 13 जून को..

जगप्रेरणा सिवनी।

***प्राचीन सूर्य मंदिर टैगोर वार्ड प्रकाश रोड का पंचम पाठ उत्सव पर वी 12 एवं 13 जून को आयोजित किया गया है***

इस आयोजन के मुख्य संतोष अग्रवाल ने बताया कि 12 जून को सूर्योदय से गणेश गौरी पूजन सूर्य अभिषेक ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

13 जून को सूर्य अभिषेक हवन एवं शाम को विशाल भंडारे का आयोजन एवं भजन का कार्यक्रम रखा गया है।

सभी धर्मभिलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान सूर्योदय के दर्शन मात्र से ही अनेकों कासन का निवारण हो जाता है इसी तारतम में यह आयोजन में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# छपारा बस स्टैंड पर उड़ीसा से आए नेत्रहीन कलाकारों की भजन संध्या ने बांधा समां..



जगप्रेरणा छपारा।

***नगर के बस स्टैंड परिसर में शुक्रवार शाम एक अनूठी भजन संध्या का आयोजन देखने को मिला। उड़ीसा के नवरंगपुर से आई जीवन नेत्रहीन कलाकारों की सात सदस्यीय टीम ने***

शाम करीब 6 बजे बस स्टैंड परिसर में मंच सजाकर भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी,जिसका लोगों में इतना जबरदस्त क्रेज देखा गया कि उक्त कार्यक्रम देर रात दस बजे तक चला।

ज्ञात हो कि बाहर से इन कलाकारों ने टेबलों को मंच के रूप में तैयार कर साउंड सिस्टम और माइक की सहायता से कार्यक्रम की शुरुआत की। मधुर संगीत और सुरमयी प्रस्तुतियों ने वहां से गुजर रहे लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। कलाकारों की गायकी और वाद्य प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि श्रोता देर तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। नेत्रहीन होने के बावजूद कलाकारों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने लोगों को काफी प्रभावित किया। टीम के एक सदस्य ने बताया कि वे बारिश के मौसम को छोड़कर पूरे वर्ष देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में भ्रमण कर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं, साथ ही लोगों द्वारा स्वेच्छा से दिए जाने वाले दान और सहयोग से ही उनकी आजीविका चलती है। उन्होंने बताया कि उनकी टोली में दो पुरुष और चार नेत्रहीन महिलाएं शामिल हैं। वर्तमान में सभी कलाकार सिवनी नगर के एक निजी लॉज में ठहरे हुए हैं। सिवनी शहर के विभिन्न स्थानों पर भी उनके द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिसका लोगों के द्वारा अच्छा प्रतिसाद मिला।

वहीं छपारा नगर में हुए कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन के साथ खुलकर लोगों स्वेच्छा से इन कलाकारों को दान किया।

# पीजी कॉलेज में सोमनाथ व्याख्यान माला का आयोजन



जगप्रेरणा सिवनी।

***शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में सोमनाथ स्वाभिमान के अंतर्गत सोमनाथ व्याख्यान***

माला दिनांक 29 मई 2026 को आयोजित किया गया। व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता डॉ सविता मसीह विभागगध्यक्ष हिंदी ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, धार्मिक, एवं पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पूरे भारत में मंदिर की प्रति आस्था और श्रद्धा पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ लीडिया कमरे ने विभिन्न ज्योतिर्लिंगों का महत्व बदलते हुए सोमनाथ मंदिर को प्रथम ज्योतिर्लिंग की मान्यता श्रद्धा और अटूट विश्वास के कारण जनमानस में और अधिक सुंदर और वृहद रूप से विषम परिस्थितियों में भी मंदिर को और अधिक व्यापक स्वरूप में प्रदान करने की बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग ने लोकमाता अहिल्याबाई के द्वारा सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण एवं मंदिर के लिए किए गए प्रयासों की बात रखी।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ मान सिंह बघेल द्वारा सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए विभिन्न आक्रांताओं द्वारा मंदिर को नष्ट करने एवं उसके पुनर्निर्माण की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही।

# मानव सेवा हेतु जिला प्राइवेट चिकित्सक एसोसिएशन का हुआ गठन

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले कि स्वास्थ्य व्यवस्था में अपना सहियोग देने तथा अपने हितों की रक्षा हेतु जि.प्रा.चि.एसो. का गठन किया गया जिसमें पदाधिकारी बनाए गए। अध्यक्ष डॉ बसंत राय सिवनी, उपाध्यक्ष डॉ प्रफुल्ल श्रीवास्तव, डॉ एस.आई. मंसूरी,***

डॉ. अजय राय सिवनी, डॉ. अरविंद सराठे भोमा, डॉ. रमेन्द्र ठाकुर कान्हीवाड़ा, डॉ. ओ.पी. मिश्रा पीपरवानी, डॉ. राजेश राहंगडाले बरघाट, डॉ. के.पी. अंबूले उगली, डॉ. मदन दुबे केवलारी, डॉ. के.पी. पटेल धनौरा, डॉ. एम.पी. साहू घंसौर, डॉ. पी.एस. प्रजापति लखनादौन, डॉ. राजेश डहेरिया जाम, डॉ. प्रदीप राजोरिया चमारी, डॉ. राजेन्द्र राय कलारबांकी, डॉ. खेमचंद झाड़े कुरई, महामंत्री- डॉ. एन.के. ठाकुर, डॉ. जी.एस. सिद्धू, डॉ. नईम खान, डॉ. फैज अहमद सिवनी, डॉ. अरविंद मेहता चक्की खमरिया, डॉ. आर.एल. राय अरी, डॉ. रविंद्र राहंगडाले बोरी, डॉ. संतोष नागेश्वर कुरई, डॉ. आर एस. राय खवासा, डॉ. नंदकिशोर एर्वेकार गुदमा, डॉ. बाबुलाल बिसेन उगली, डॉ. राजेन्द्र गौतम पांडिया छपारा, डॉ. वेद सिंह ठाकुर केवलारी, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास्तव सुनवारा, डॉ. अभिषेक सुलाखिया धूमा, डॉ. विजय श्रीवास्तव गनेशगंज, डॉ. आर. के. सराठे सागर, डॉ. एम. के मोहंत सिवनी। सह सचिव डॉ. सुनित राय, डॉ. सुरेश कुशवाह, डॉ. संदीप उपाध्याय, डॉ. कौशल बघेल, डॉ. रवि मालवी सिवनी, डॉ. संगम विश्वकर्मा बादलपार, डॉ. मनोज बात्री बंजारी, डॉ. गणेश पटले दोंदीवाड़ा, डॉ. मनीराम चौकसे पांडियाछपारा, डॉ. भाई जी रजपूत गुबरिया, डॉ. ओमकार राय बेगरवानी, डॉ. देवी तुरकर कल्याणपुर, डॉ. नरेन्द्र यादव धूमा, डॉ. ब्रजमोहन राय बाम्हनवाड़ा, डॉ. संदीप चौकसे लखनादौन, डॉ. अरविंद पांडे जाम, डॉ. सैलेन्द्र सराठे परासिया, संगठन मंत्री- डॉ. रामेश्वर सनोडिया, डॉ. प्रशांत सूर्यवंशी, डॉ. संतोष राय, डॉ. भुवन कटरे सिवनी, डॉ. ललित कटरे सुकतरा, डॉ. गणेश पटने ढुटेरा, डॉ. ब्रजमोहन बिसेन मानेगांव, डॉ. डॉ. राजेश पारधी नांदी, डॉ. अशोक बिसेन पोंडी, डॉ. मनोज राहंगडाले केवलारी, डॉ. संदेश चौकसे गनेशगंज, डॉ. ए.के. शेंडे रणधीरनगर, डॉ. महेन्द्र गजभिये बखारी, डॉ. अनिकेत राय खापा बाजार, डॉ. राहुल राउत चिरचिरा।

प्रचार मंत्री डॉ. मुनसिफखान, डॉ. अशोक सनोडिया, डॉ. किशोर रजक, डॉ. नरेश सनोडिया सिवनी, डॉ. मुकेश बघेल कंडीपार, डॉ. नागेन्द्र चौकसे बादलपार, डॉ. एल. एल. बेलवंशी कुरई, डॉ. डी.डी. चौधरी टिकारी, डॉ. आर. के. ठाकुर बरघाट, डॉ. राजेन्द्र पटले भटेखारी, डॉ. मेहपाल राहंगडाले लुंगसा, डॉ. मुनेश्वर पटले घुरवाड़ा, डॉ. आशीष सोनवाने पांडियाछपारा, डॉ. मानसिंह चौहान छपारा, डॉ. गणेश गोल्हानी लखनादौन, डॉ. बालकृष्ण सराठे कान्हीवाड़ा, कार्यकारणी सदस्य- डॉ. मीना श्रीवास्तव, डॉ. तारूणी सनोडिया, डॉ. हर्षा राय, डॉ. संगीता सनोडिया, डॉ. सुभ्रा जैसवाल, डॉ. साबी सूर्यवंशी, डॉ. विधि जैसवाल, डॉ. तबस्सुम अश्फाक, नगर अध्यक्ष डॉ. इस्माइल मंसूरी (राजू), अध्यक्ष ब्लाक सिवनी डॉ. अवधेश वर्मा को बनाया गया है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी

MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी

MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय

सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039

# अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत..

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा के सामने हुआ हादसा..




जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के कान्हीवाड़ा में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार भानसिंह काकोडिया उम्र लगभग 60 वर्ष***

की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कान्हीवाड़ा के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि वाहन चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..हसीब मोहम्मद 7898530101



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# कलेक्टर मृणाल मीना ने ली जिले के विकासखंड के खंडस्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक..

## शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को लेकर दिये आवश्यक निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 30 मई को जिला पंचायत बालाघाट के सभागार में सभी विभागों के बालाघाट विकासखंड के खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश*

दिए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, डी पी बर्मन तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागवार योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा कृषि विभाग की समीक्षा में कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से दर्ज कराने एवं उसी आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए गए। एएनएम को गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा गया कि लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एएनसी पंजीयन एवं एएनसी चेकअप में कम प्रगति वाली चरेगांव, मऊ, पाथरवाडा, समनापुर, आंवलाझरी, नहरवानी एवं शहरी क्षेत्र बालाघाट में वार्ड नं.09 एवं वार्ड नं. 05 की एएनएम को अपने कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये गए। उन्हें चेतावनी दी गई कि उनके कार्यों में प्रगति नही आने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। लामता के बीपीएम को निर्देशित किया गया कि वे एएनसी पंजीयन एवं एएनसी जॉच की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं आंगनवाडी सुपरवाइजर नियमित रूप से अपने क्षेत्र के आंगनवाडी केंद्रो का भ्रमण करें। बैठक में एसएएम एवं एमएएम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, शाला पूर्व शिक्षा के लिए बच्चों के पंजीयन तथा पोषण ट्रैकर एप पर खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गई।

पशुपालन विभाग की समीक्षा में एफएमडी टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं कामधेनु योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। पशुपालकों को सेक्स सॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान के लिए प्रोत्साहित करने एवं बकरी पालन के प्रकरण अधिक संख्या में तैयार करने को कहा गया। एफएमडी टीकाकरण में कम प्रगति पाये जाने पर एव्हीएफओ जेएम धुर्वे, देवेश पटले एवं अंशुल नागोसे को चेतावनी दी गई कि वे अपने कार्य में शीघ्र प्रगति लाये अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कक्षा 1 से 8 तथा 9 से 12 तक शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के पंजीयन के निर्देश दिए गए। कक्षा 6 एवं 9 के विद्यार्थियों को साइकिल तथा सभी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकों का शीघ्र वितरण कर उसकी पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया। कक्षा 09 से 12 के बच्चों के पंजीयन में कमी पाये जाने पर बालाघाट के बीआरसी को चेतावनी दी गई कि वे एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी। कमजोर शैक्षणिक स्तर वाली शालाओं में एफएलएन मेले आयोजित करने एवं बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। एफएलएन सर्वे में कुम्हारी संकुल के बच्चों का स्तर कमजोर पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और अवकाश के दिनों में बच्चों की दक्षता परीक्षण के लिए विशेष टीम भेजने के निर्देश दिये गए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नक्शा तरमीम, फार्मर रजिस्ट्री एवं नामांतरण प्रकरणों में धीमी प्रगति पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 दिनों के भीतर सुधार नहीं होने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। पटवारियों को निर्देश दिए गए कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। जिस जमीन का आवासीय भूमि के रूप में उपयोग किया जा रहा है उसका शीघ्रता से डायवर्सन कराने कहा गया। सीमांकन, नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करने कहा गया। पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान अटल पेंशन योजना, श्रमयोगी मानधन योजना में कम प्रगति पाये जाने पर समनापुर, बगदरा, परासपानी, पेण्डरई, टेकाडी, नैतरा के सचिवों को चेतावनी दी गई कि वे अपने कार्यों में सुधार लाए। जनपद सीईओ से कहा गया कि यह उनकी जिम्मेदारी रहेगी कि कोई भी पंचायत सचिव संबल कार्ड में किसी तरह की गडबडी न करने पाये। संबल योजना के अंत्येष्टी एवं अनुग्रह सहायता के प्रकरण लंबित न रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में उप संचालक कृषि को पराली प्रबंधन, सार्थक एप से कर्मचारियों की उपस्थिति तथा जे-फार्म एप पर किसानों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि खरीफ फसलों के बीज का किसानों को समय पर वितरण कराये और जो बीज वितरण किया गया है उसकी बोवनी हो और वह फसल गिरदावरी के समय राजस्व रिकार्ड में दर्ज भी होना चाहिए।

# बालाघाट नगर मुख्यालय में तेज आंधी तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश

## नगर पालिका, जय स्तंभ चौक संहित अनेक स्थानों पर , बड़े पेड़ भी हुए धराशाई..



जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में 25 मई से शुरू हुए नौतपा की भीषण गर्मी के बीच ही 30 मई को आखिरकार लोगों को राहत की शाम मिल गई। मौसम ने करवट बदली और फिर अचानक भीषण धुप के बीच ही तेज आंधी तूफान के साथ मौसम का मिजाज बदल गया।

बालाघाट जिला मुख्यालय में तेज आंधी तूफान के साथ फिर भारी बारिश भी हुई। एक साथ आंधी तूफान बारिश का भीषण गर्मी के बीच अचानक चले आना, मानो लोगों की मन की मुराद पुरी हो गई। जबकि इस आंधी तूफान के चलते शहर में कई जगह पेड़ धराशाई हो गए तो कहीं कुछ स्थानों पर लोगों के आर्थिक नुकसान होने की भी जानकारी सामने आई है। कुछ मकानों पर के खपरैल उड़ने तो कहीं तिरपाल तो कहीं टीन के सैट उड़ने की भी जानकारी सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति भी निर्मित हो गई वहीं बारिश के चलते नगर के हनुमान चौक में जल भराव के साथ-साथ जाम की स्थिति भी निर्मित हो गई। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका बालाघाट परिसर में एक पेड़ गिर गया जिसके चलते गेट पूरी तरह जाम हो गया जैसे हटाने के लिए नगर पालिका ने तत्परता दिखाते हुए जेसीबी के माध्यम से उनकी शाखाओं को अलग कर मार्ग को दुरुस्त किया। इसके साथ ही काली पुतली चौक से जय स्तंभ चौक तक भी कई पेड़ धराशाही हुए हैं इसके साथ ही नगर मुख्यालय सहित जिले में बिजली आपूर्ति भी कई घंटे के लिए बाधित रही कई स्थानों पर बिजली के तार वह अन्य केवल टूटने की भी जानकारी सामने आई है।


॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥

प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।




वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# तेज रफ्तार छोटा हाथी की टक्कर से भवन मिस्त्री की मौत..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*शहर के सरेखा बाईपास पर हुए सड़क हादसे में 52 वर्षीय भवन मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामप्रसाद पिता समारू पांचे (52) के रूप में हुई है। हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।*

जानकारी के अनुसार रामप्रसाद पांचे काम के सिलसिले में पैदल जा रहे थे। इसी दौरान सरेखा बाईपास पर एक छोटा हाथी वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। वहीं कोतवाली पुलिस हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

# बालाघाट में असाटी समाज के निर्विरोध चुनाव संपन्न, संजय असाटी बने अध्यक्ष



## श्रीमती विनिता असाटी बनी महिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष की कमान दी गई कलश असाटी को..

## प्रतिभा सम्मान समारोह का भी किया गया आयोजन..







जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट में 29 मई 2026 को असाटी समाज द्वारा समाज के मेधावी एवं प्रतिभावान विद्यार्थीयों का सम्मान समारोह एवं समाज की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें असाटी समाज ने सामाजिक एकजुटता का परिचय देते हुए निर्विरोध चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई, तथा असाटी समाज के युवा, मिलनसार एवं सामाजिक, धार्मिक कार्यों में अग्रणी व्यवसायी संजय कुमार असाटी को अध्यक्ष मनोनित किया गया। इसी*

प्रकार समाज के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से श्रीमती विनीता असाटी को महिला अध्यक्ष तथा कलश असाटी को युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। गौरतलब है कि कार्यक्रम की शुरुआत समिति अध्यक्ष श्री श्रीकुमार असाटी, सचिव श्री संगम मोदी, महिला अध्यक्ष श्रीमति सरला असाटी एवं राष्ट्रीय खेलकूद संयोजक श्री तपेश असाटी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रभु श्रीराम जी की पूजा द्वारा की गई। इसके उपरांत प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरुआत की गई।

समिति संरक्षक श्री संतोष असाटी द्वारा अपने दिवंगत माताजी एवं पिताजी की स्मृति में सत्र 25-26 में बालाघाट क्षेत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर कु. दिशा सत्यप्रकाश भावना असाटी (कक्षा 12वीं) एवं दर्श डॉ. विशाल सीमा असाटी (कक्षा 10वीं) को 5100-5100रु एवं मोमेंटो द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके बाद, श्री तपेश असाटी द्वारा 10वीं एवं 12वीं में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रतिभा सम्मान के पश्चात समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी श्रीमति माया सुरेश असाटी एवं सह चुनाव अधिकारी डॉ. विशाल असाटी द्वारा संपन्न कराई गई, जिसमें सर्वसम्मति से संजय लखनलाल असाटी को अध्यक्ष, श्रीमति विनीता श्रीकुमार असाटी को महिला अध्यक्ष एवं कलश शरद असाटी को युवा अध्यक्ष चुना गया। तीनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों को श्रीमति माया असाटी द्वारा शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष श्रीमति छाया असाटी ने कुशल मंच संचालन द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि नव निर्वाचित अध्यक्ष संजय असाटी के अध्यक्ष बनने पर समाज के वरिष्ठों और युवाओं ने पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

## बोले संजय असाटी..

*नवनियुक्त अध्यक्ष संजय असाटी ने बताया कि समाज ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरूंगा। समाज के विकास में शिक्षा को प्राथमिकता देने का हमारा प्रयास होगा। नई पीढ़ी को उद्योग-व्यापार और शिक्षा में सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ बेटियों को संस्कार देने का काम प्रमुखता से सामाजिक तौर से किया जाएगा।*

*उन्होंने बताया कि सबको साथ लेकर चलना ही मेरा संकल्प है। समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। संगठन को और मजबूत करने के लिए युवाओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा।*

# बालाघाट के कुम्हारी पाथरवाड़ा मार्ग पर स्कार्पियो में लगी आग.. गाड़ी हुई जलकर खाक..

जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में बीते एक से देढ़ महीने के भीतर चलते वाहनों में आग लगने की अनेक घटनाएं हो चुकी है, तथा गाड़ियों में आग लगने की घटना के कारण जहां विगत दिनों एक पूरा परिवार उजड़ गया, तथा एक युवक के परिवार में पत्नी, पुत्र और पिता का दुखद निधन हो गया था, वहीं आज 30 मई दिन शनिवार को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी और पाथरवाड़ा के बीच एक स्कार्पियो में आग लगने से गाड़ी पूरी तरह खाक हो गई। हांलांकि गाड़ी में सवार ड्राइवर और बाकी लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल लिये गए जिसके कारण जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले कुछ लोग ईद मनाने लामता आए थे और वहां से भरवेली की ओर जा रहे थे कि अचानक गाड़ी में आग लग गई, हांलांकि सभी ने तत्परता दिखाई और गाड़ी रोकने में वाहन चालक सफल हुआ, जिसके कारण गाड़ी में बैठे लोग सुरक्षित बाहर निकलने में सफल हो गए।


## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*



SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27

ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time — AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार

PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT

AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT

LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved

MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM

BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

## कलेक्टर मृणाल मीना की उपस्थिति में बालाघाट बांस विकास प्राधिकरण की बैठक में जिले को आदर्श बांस जिला बनाने की पहल..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में शनिवार 30 मई को बालाघाट बांस विकास प्राधिकरण के गठन एवं जिले में बांस आधारित रोजगार, उद्यमिता तथा उद्योगों को बढ़ावा देने के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. ए.के. भट्टाचार्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक प्रीति मर्सकोले, उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय, सहायक उद्यान अधिकारी क्षितिज कराड़े तथा जनजातीय कार्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर मृणाल मीना ने कहा कि जिले में बांस आधारित उद्योगों और स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। स्थानीय कारीगरों एवं युवाओं को बांस आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बांस से टोकरी, फर्नीचर, सजावटी एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं पीएमएफएमई योजना के तहत पात्र कारीगरों को प्रशिक्षण और ऋण उपलब्ध कराने में जिला प्रशासन सहयोग करेगा।

बैठक में बालाघाट को आदर्श बांस जिला घोषित किए जाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के कुल बांस क्षेत्र का लगभग 40 प्रतिशत तथा कुल बांस उत्पादन का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा बालाघाट जिले में है। जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए बांस आजीविका का प्रमुख साधन होने के बावजूद उन्हें इसके व्यापार से अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में आदर्श बांस जिला घोषित होने से बांस आधारित विकास योजनाओं को गति मिलेगी और विभिन्न विभागों के प्रयासों में बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. ए.के. भट्टाचार्य ने बांस के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बांस विश्व की सबसे तेजी से बढने वाली वनस्पतियों में से एक है और इसका लगभग प्रत्येक भाग उपयोगी होता है। बांस का उपयोग फर्नीचर, हस्तशिल्प, ज्वेलरी, कृषि उपकरण, खिलौने, आवास निर्माण, अगरबत्ती निर्माण सहित अनेक उत्पादों में किया जाता है। उन्होंने जिले में उच्च गुणवत्ता वाली बांस प्रजातियों के रोपण पर विशेष बल दिया।

डॉ भट्टाचार्य ने बताया कि बांस विश्व में सबसे तेजी से बढने वाली एक मात्र वनस्पति है जिसे हम देख सकते है। 27 फरवरी 2002 को भारत में नेशनल बांस मिशन की स्थापना की गई थी। बांस एक मात्र ऐसी वनस्पति है, जिसका 100 प्रतिशत भाग उपयोग होता है। बांस हमें रोटी, कपड़ा और मकान तीनों देता है। बांस कृषि एवं वन दोनों की फसल है। बांस पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार है। बांस का पौधा सबसे अधिक आक्सीजन देता है और 35 प्रतिशत कार्बन को अवशोषित कर लेता है।

दक्षिण वन मंडलाधिकारी नित्यानंदम एल ने जानकारी दी कि वन विभाग द्वारा कृषि वानिकी के तहत किसानों को बांस रोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा बांस के पौधे लगाने पर दो वर्षों में प्रति पौधा 150 रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। बैठक में किसानों द्वारा उत्पादित बांस की सीधी खरीदी, विपणन सुविधाओं के विस्तार और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि जिले में उपलब्ध प्रचुर मात्रा में बांस का स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन किया जाए और युवाओं तथा कारीगरों को बांस आधारित उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण देकर रोजगार के नए अवसर विकसित किए जाएं।

## खरीफ सत्र की तैयारियों में जुटा कृषि विभाग, किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराने और कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने के निर्देश..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***आगामी खरीफसत्र को ध्यान में रखते हुए 30 मई को जिला पंचायत कार्यालय बालाघाट में उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय द्वारा कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।***

बैठक में कलेक्टर बालाघाट द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में खरीफ सीजन की तैयारियों, पराली प्रबंधन, बीज वितरण तथा फसल विविधीकरण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में पराली प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा हार्वेस्टर मशीनों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (स्रूस) लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए पराली के बंडल अथवा गांठ बनाने की गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाए, जिससे खेतों में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। बैठक में खरीफ सीजन के लिए बीज उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के लिए बीज भंडारों से ग्राम स्तर तक पर्याप्त मात्रा में बीज पहुंचाया जाए। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अपने-अपने मुख्यालयों में बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों को बीज की उपलब्धता एवं निर्धारित दरों की जानकारी समय पर देने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान का उल्लेख करते हुए बताया गया कि मध्य प्रदेश के मध्य क्षेत्र में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे देखते हुए कृषि अधिकारियों को किसानों के बीच कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। किसानों को धान के स्थान पर तिल, रामतिल, कोदो, कुटकी एवं अन्य मोटे अनाजों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं जिन क्षेत्रों में जलभराव की संभावना रहती है, वहां धान की खेती की सलाह दी गई है। धान उत्पादन के लिए भी डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति से सीधी बुआई को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड (ढ्ढस्न) योजना की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को बताया गया कि इस योजना के माध्यम से कृषि आधारित गतिविधियों एवं कृषि उद्योगों की स्थापना के लिए किसानों और युवाओं को बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिस पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान का प्रावधान है। कृषि प्रसंस्करण, भंडारण, मूल्य संवर्धन तथा अन्य कृषि उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक किसानों एवं युवाओं को योजना से जोडने के निर्देश दिए गए।

इस संबंध में मैदानी अधिकारियों को लक्ष्य भी निर्धारित कर दिए गए हैं। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने कहा कि खरीफ सत्र की सफलता के लिए विभागीय अमले को गांव-गांव पहुंचकर किसानों को आधुनिक तकनीकों, जल संरक्षण आधारित खेती तथा मौसम के अनुरूप फसल चयन के प्रति जागरूक करना होगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ कृषि उत्पादन भी बेहतर हो सके।

## खिलाडियों को जल्द मिलेगी खेल सेल्फी स्टैंड की सौगात





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के 29 वें दिन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्थानीय व्यवसायियों ने खेल गतिविधियों में सहयोग का हाथ बढ़ाया।***

इसी क्रम में शनिवार सुबह मुलना स्टेडियम स्थित कराटे प्रशिक्षण केंद्र में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राइस मिल व्यवसायी महेंद्र पारधी, बिल्डिंग व्यवसायी गणेश बिसेन, जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे तथा आहिल्या कन्हार फिजिकल क्लब के सचिव शैलेंद्र यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने कराटे शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बालक-बालिकाओं से परिचय प्राप्त कर उनकी खेल संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान खिलाड़ियों त्विशा सोमनकर और अविका बघेल ने कराटे की कुमीते फाइट का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि महेंद्र पारधी ने मुलना स्टेडियम में कराटे खिलाड़ियों, युवाओं और आमजन को खेलों के प्रति प्रेरित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से 'खेल सेल्फी स्टैंड' का निर्माण कराने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि यह एक अभिनव पहल होगी, जिससे खेल गतिविधियों का प्रचार-प्रसार होगा और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी।

गौरतलब है कि खेल सेल्फी स्टैंड की मांग खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों द्वारा पूर्व में की गई थी, जिस पर महेंद्र पारधी ने सकारात्मक पहल करते हुए शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी बालाघाट के अजय ठाकुर ने किया, जबकि अंत में जिला कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## नर सेवा ही नारायण सेवा, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी ने स्वास्थ्य शिविर में की 50 से ज्यादा मरीजों की जांच, 224 वां निःशुल्क कैंप का आयोजन..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***30 मई को जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव के साथ वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी ने मानव सेवा की।***

बालाघाट जिला मुख्यालय से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित बिठली के वनांचल और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जानियाटोला में 224 वे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. रमेश सेवलानी ने 50 से अधिक ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की। साथ ही जांच के उपरांत मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार आवश्यक दवाइयों का वितरण भी निःशुल्क किया। शिविर की खास बात यह रही कि इसमें केवल स्वास्थ्य लाभ ही नहीं दिया गया, बल्कि जरूरतमंदों की बुनियादी आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया। डॉ. सेवलानी और उनकी टीम द्वारा शिविर में आईं महिलाओं को 40 साड़ियां और 10 बुजुर्ग पुरुषों को धोती का वितरण कर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस शिविर में दानीटोला और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और युवा पहुंचे थे। सभी का डॉ. रमेश सेवलानी ने उपचार कर उन्हें स्वास्थ्य परामर्श दिया।

इस दौरान चिकित्सक सहयोगी सुश्री नैना, समाजसेवी बच्चूमल वाधवानी, वरिष्ठ पत्रकार रफी अंसारी और जयपाल वरकड़े मौजूद रहकर स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्थाओं को संभाला। आपको बताते चले कि डॉ. रमेश सेवलानी पिछले कई वर्षों से लगातार इसी तरह सुदूर आदिवासी और वनांचल क्षेत्रों में जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते आ रहे हैं। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों को उनके घर के पास ही बेहतर इलाज मिल रहा है।

## अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य भगत सिंह नेताम का दौरा कार्यक्रम..

जगप्रेरणा बालाघाट।

मप्र राज्य अनुसूचिज जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम 31 मई को प्रातः 10 बजे दमोह-बिरसा से मण्डला के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 1:30 बजे मण्डला पहुचेंगे। श्री नेताम दोपहर 2 बजे मण्डला से जबलपुर के लिए और शाम 05 बजे जबलपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433




## मिशन वात्सल्य की चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 बनी संकटग्रस्त बच्चों का सशक्त सुरक्षा कवच

डेस्क जगप्रेरणा।

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लगभग ढाई साल के कार्यकाल में राज्य ने महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में संवेदनशीलता और गवर्नेंस के एक नये प्रतिमान स्थापित किये है। उनके नेतृत्व में 'चाइल्ड हेल्पलाइन-1098' प्रदेश के संकटग्रस्त, शोषित और बेसहारा बच्चों के लिए एक बेहद सशक्त और अभेद्य सुरक्षा कवच बनकर उभरी है।***

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'मिशन वात्सल्य' योजना में चाइल्ड हेल्पलाइन 24 घंटे कार्य कर रही है। यह हेल्पलाइन प्रदेश में हजारों बच्चों को हिंसा, बाल श्रम और मानव तस्करी के चंगुल से छुड़ाकर उनका पुनर्वास सुनिश्चित कर रही है। सरकार के इस प्रभावी कदम से न केवल संकट के समय बच्चों को आपातकालीन मदद मिल रही है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण भी मिल रहा है।

इस हेल्पलाइन की व्यापकता और रिस्पॉन्स टाइम में अभूतपूर्व सुधार आया है, जिसका अंदाजा विभागीय आंकड़ों से साफलगाया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन से रिकॉर्ड 30 हजार 810 संकटग्रस्त बच्चों को सहायता पहुंचाई गई। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी हेल्पलाइन की टीम पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है, जहां महज़ 15 मई तक ही 4 हजार 376 बच्चों तक त्वरित मदद पहुंचाई जा चुकी है। अब तक 2 हजार 367 मामलों का पूरी तरह से निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष बचे मामलों में जिला स्तर पर फॉलो-अप कार्रवाई तेजी से जारी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की 'जीरो टॉलरेंस' नीति

'मिशन वात्सल्य' के अंतर्गत नए स्वरूप में संचालित इस हेल्पलाइन को और अधिक हाईटेक और चुस्त रिस्पॉन्स सिस्टम से लैस किया गया है। हेल्पलाइन पर आने वाली कॉल्स को उनकी गंभीरता के आधार पर 2 हिस्सों में बांटा जाता है। कोई बच्चा किसी गंभीर या तत्काल खतरे में होता है, तो मुख्यमंत्री डॉ. यादव की 'जीरो टॉलरेंस' नीति में उस आपातकालीन मामले को तुरंत 'रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम' यानी आरएसएस-112 को ट्रांसफर किया जाता है, जिससे गृह विभाग और पुलिस की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच सके। गैर-आपातकालीन मामलों को संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई (ष्ठष्टक्क) को प्रेषित किया जाता है।

इस हेल्पलाइन से प्रदेश के बच्चों को केवल रेस्क्यू ही नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें समुचित सुरक्षा दी जा रही है। इसमें बच्चों को हिंसा और शोषण से बचाना, उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देना, मानसिक एवं सामाजिक परामर्श उपलब्ध कराना, बाल श्रम से मुक्ति और सबसे महत्वपूर्ण–लापता बच्चों का उनके परिवारों से पुनर्मिलन कराना शामिल है। बेघर हुए या मानव तस्करी के शिकार बच्चों के लिए यह हेल्पलाइन एक नई जिंदगी की शुरुआत साबित हो रही है।

### इन शहरों में दिखा सबसे ज्यादा असर

प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और सतना जैसे बड़े जिलों में हेल्पलाइन का नेटवर्क सबसे ज्यादा सक्रिय रहा है और यहां बड़ी संख्या में बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि हमारा उद्देश्य केवल आपातकालीन सहायता देना नहीं, बल्कि हर बच्चे के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है।

विभाग ने मध्यप्रदेश के सभी जागरूक नागरिकों, प्रबुद्ध वर्ग और ग्रामीणों से अपील की है कि वे सूबे के बच्चों के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं। प्रदेश के किसी भी कोने में यदि कोई बच्चा संकट में, बाल विवाह का शिकार, बाल श्रम करता हुआ या किसी भी प्रकार के शोषण से पीड़ित दिखाई दे, तो मूकदर्शक न बनें। राज्य सरकार की 'चाइल्ड हेल्पलाइन-1098' पर तुरंत इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते मध्यप्रदेश के हर मासूम का भविष्य सुरक्षित और खुशहाल बनाया जा सके।

सोने, चांदी व हीरे जड़ित आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
शुद्धता और विश्वास की अनूठी परंपरा
गणपति ज्वेलर्स
महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297

## 3 माह से अधूरा कोसुंबा-बांडारेव सड़क मार्ग

# ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी, विभाग युद्ध का हवाला देकर फर्म का कर रहा बचाव..





गौरव अग्रवाल, जगप्रेरणा महकेपार।

***लोक निर्माण विभाग के अधीन तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत आने वाली कोसुंबा से बांडारेव सड़क मार्ग का पुनरुद्धार कार्य मार्च माह से प्रारंभ हुआ था। लेकिन आज तक यह कार्य अधूरा पड़ा है।***

करीब 4 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर केवल गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कोसुंबा निवासी संजय खोब्रागड़े ने बताया कि शनिवार को भी एक सड़क हादसा हुआ जिसमें कपड़ा बेचने वाले एक छोटे व्यापारी का पैर टूट गया। घायल को उपचार के लिए तुमसर ले जाया गया है।लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री कमलेश राणा ने बताया कि सड़क निर्माण का ठेका जे.पी. इन्फ्रास्ट्रक्चर बालाघाट को दिया गया है। इस फर्म के पास चार सड़कों का काम है। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाली फर्म का बचाव करते हुए वह बताते है कि ईरान से अमेरिया-इजराइल युद्ध के कारण डामर के दाम दोगुने हो गए है। इस कारण से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। जब उनके कहां गया कि सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है तो वह कहते है कि अभी जो वैकल्पिक समाधान हो पाएगा वह शीघ्र ही किया जाएगा। जब उनसे सड़क के पुनरुद्धार कार्य की लागत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने फाईल देखकर ही जानकारी देने की बात कहीं।

### ग्रामीणों ने बताई अपनी पीड़ा-

ग्रामीण अपनी पीड़ा बताते हुए कहते है कि सड़क पर गिट्टी बिछी हुई है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाने में कठिनाई होती है। नुकीली गिट्टी के कारण वाहनों के टायर पंचर हो रहे हैं और मशीनरी खराब हो रही है। उन्होंने बताया कि कोसुंबा से बांडारेव के बीच शाम के समय वन्य प्राणी, विशेषकर बाघ की चहलकदमी बनी हुई है। जिससे भय का माहौल बना हुआ है। वहीं सड़क की हालत इतनी खराब है कि तेज वाहन चलाना संभव नहीं। वन्य प्राणियों की मौजूदगी के कारण शाम को सफर करना जान जोखिम में डालने जैसा है। सड़क की इस हालत की वजह से ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवाजाही प्रभावित हो रही है किंतु मजबूरी में ग्रामीण इसी रास्ते से सफर करने कर रहे है। ग्रामीणों ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कराते हुए ठेकेदार से शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

### पारदर्शिता केवल चर्चाओं में-

लोक निर्माण विभाग के नियमों के अनुसार सार्वजनिक निर्माण कार्य स्थल पर सूचना फ्लक लगाना ठेकेदार/फर्म/कंपनी या विभाग की पहली जिम्मेदारी होती है। यह सूचना फ्लक निर्माण स्थल के दोनों ओर (शुरुआत और अंत में) पर्याप्त बड़े आकार के लगाने होते हैं। ताकि आम जनता को परियोजना के बारे में पारदर्शी जानकारी आसानी से मिल जाएं। इससे जनता को पता चलता है कि सड़क कौन बना रहा है, कितनी लागत आ रही है, और काम कब पूरा होगा। किंतु देखने में आ रहा है कि अब निर्माण कार्य स्थलों से सूचना फ्लक गायब रहते है। कोसुंबा से बांडारेव सड़क मार्ग जिसका पुनरुद्धार कार्य चल रहा है। उसका सूचना फ्लक ही गायब है। जिससे ग्रामीणों को यह तक पता नहीं चल पा रहा है कि निर्माण कार्य कब शुरू हुआ कब तक समाप्त होगा और लागत कितनी है। ध्यान रहे कि आने वाले 02 माह बाद बारिश का मौसम शुरू हो जाएगा और बरसाम में डामर की सड़क बनाना मुश्किल काम होता है।

# बीए परीक्षा देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत, दो साथी गंभीर घायल



जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले के चिखलाझोड़ी क्षेत्र में शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रहे एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।***

तीनों छात्र बालाघाट के पीजी महाविद्यालय में बीए एवं बीकॉम की परीक्षा देने मोटरसाइकिल से आ रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार यात्री बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में महेश मेरावी (22) निवासी सालेकसा, बिरसा की मौके पर गंभीर चोटें आईं। वहीं उसके साथी शिवम मेरावी (20) और नितिन पटले (18) निवासी बखारी कोना, बिरसा भी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने महेश मेरावी को मृत घोषित कर दिया। घायल शिवम और नितिन का एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर रूपझर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बस को जब्त कर लिया। शनिवार को अस्पताल चौकी पुलिस ने चिकित्सकों की सूचना पर मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया तथा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से मृतक के परिवार सहित क्षेत्र में शोक का माहौल है।

|| श्री जीणमाता की जय || || जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

## बैठकी बाजार का शुल्क देने के बाद भी व्यापारियों को सुविधाओं का अभाव..

जगप्रेरणा लांजी।

***हर हफ्ते लाखों रुपये राजस्व प्रदान करने वाला साप्ताहिक बाजार लांजी नगर परिषद की लापरवाही का जीता-जागत मिसाल बना है। दावों और फाईलों में विकास की 'गंगा' बहाने वाले अधिकारियों की***





आंखों पर इस कदर लापरवाह होने का चश्मा चढ़ा है कि उन्हें बाजार परिसर में पसरी बदइंतजामी और गंदगी का यह 'मंजर' दिखाई ही नहीं देता। हालात इस कदर बदतर हो चुके हैं कि जो चबूतरे कभी व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं को सहूलियत देने के लिए बनाए गए थे, वे आज खुद अपनी 'बदहाली' का ढिंढोरा पीट रहे हैं। नगर के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्रों में शामिल इस बाजार की हालत देखकर सहज ही सवाल उठता है कि आखिर जनता से वसूले जा रहे शुल्क और कर की रकम खर्च कहां हो रही है? तस्वीरों में साफदिखाई दे रहा है कि सब्जी विक्रेताओं, ग्रामीण व्यापारियों और अन्य दुकानदारों के लिए बनाए गए पक्के चबूतरे जगह-जगह से जर्जर हो चुके हैं। कई स्थानों पर दरारें उभर आई हैं तो कहीं लोहे के सरिए खुले पड़े हैं। बाजार परिसर में अव्यवस्था इस कदर पसरी हुई है कि यह किसी व्यवस्थित व्यापारिक केंद्र की बजाय उपेक्षा के शिकार किसी लावारिसपन का मंजर पेश करता है। सबसे हैरत की बात यह है कि मानसून की दस्तक में अब दो सप्ताह से भी कम समय शेष है, लेकिन बाजार परिसर में जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आती। चबूतरों के आसपास की स्थिति देखकर साफ अंदेशा है कि बारिश शुरू होते ही यहां पानी भराव और कीचड़ की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी। हजारों लोगों की आवाजाही वाले इस परिसर में यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### हर हफ्ते 10 हजार से ज्यादा लोगों की आवाजाही..

साप्ताहिक बाजार के दिन यहां आसपास के दर्जनों गांवों से किसान, व्यापारी और खरीदार पहुंचते हैं। अनुमानित तौर पर 10 हजार से अधिक लोगों का आना-जाना होता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर स्थिति बेहद निराशाजनक है। पेयजल के लिए मौजूद एकमात्र हैंडपंप भी गंदगी के साये में घिरा हुआ है। उसके आसपास फैली गंदगी और दुर्गंध लोगों को पानी लेने से पहले कई बार सोचने पर मजबूर कर देती है। विडंबना यह भी है कि इसी हैंडपंप के समीप मछली और मटन मार्केट संचालित होता है। ऐसे में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। बाजार आने वाले कई लोग इस क्षेत्र में जाने से भी कतराते हैं।

### मछली वाहनों का गंदा पानी भी परिसर में..

स्थानीय लोगों के अनुसार मछली कारोबार से जुड़े वाहन बाजार परिसर में ही गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी उड़ेल देते हैं। इससे परिसर की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। गर्मी के दिनों में यह बदबू लोगों के लिए अतिरिक्त परेशानी का सबब बनती है। बाजार समाप्त होने के बाद भी हालात नहीं सुधरते। आरोप है कि अगले दिन से लेकर शनिवार तक नगर परिषद के कर्मचारी परिसर की ओर झांकना तक जरूरी नहीं समझते। नतीजा यह है कि चारों तरफ कचरा, गंदगी और अव्यवस्था का आलम बना रहता है। जगह-जगह फैला कूड़ा नगर परिषद की सफाई व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।

### कमाई में दिलचस्पी, सुविधाओं से बेरुखी..

जनता के बीच अब यह चर्चा आम हो चली है कि नगर परिषद की दिलचस्पी बाजार से राजस्व वसूली तक सीमित होकर रह गई है। व्यापारियों से शुल्क लिया जाता है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं। सड़क, सफाई, जल निकासी, पेयजल और स्वच्छ वातावरण जैसी बुनियादी जरूरतें भी यहां नदारद दिखाई देती हैं। बाजार परिसर की मौजूदा हालत को देखते हुए आवश्यक है कि नगर परिषद मानसून पूर्व विशेष सफाई अभियान चलाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करे, जर्जर चबूतरों की मरम्मत कराए, मछली-मटन क्षेत्र को व्यवस्थित करे तथा पेयजल और स्वच्छता संबंधी सुविधाओं में तत्काल सुधार लाए। अन्यथा बारिश के दिनों में यह बाजार व्यापार का केंद्र कम और परेशानियों का अड्डा अधिक बन जाएगा।

## 357 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण, प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र में लगातार खबरे प्रकाशित की जा रही थी कि क्षेत्र के अनेकों रेत घाटों मे जमकर अवैध रूप से रेत का कारोबार फल-फुल रहा है। कुछ ही दिनों पूर्व ग्राम टेमनी में बडे पैमाने पर रेत का कारोबार***







किये जाने की जानकारी भी प्रकाशित की गई थी जहां 40 से 50 ट्रैक्टर रोजाना रेत का कारोबार कर रहे है। यह जानकारी सामने आ रही थी इन खबरो पर अब मुहर लग चुकी है जहां प्रशासन, पुलिस विभाग एवं खनिज विभाग ने संयुक्त कार्यवाही लांजी जनपद क्षेत्र के ग्राम टेमनी संयुक्त रूप से दबिश देकर लगभग 357 ट्रॉली जप्त कर प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की गई है। बालाघाट जिले की तहसील लांजी के ग्राम टेमनी में प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध रेत भंडारण का बड़ा मामला सामने आया है। कार्रवाई के दौरान सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब ग्राम टेमनी के सरपंच के घर में धान के पैरा (पुआल) के नीचे छिपाकर रखी गई 30 ट्रॉली रेत बरामद की गई। प्रशासन ने इसे अवैध भंडारण मानते हुए तत्काल जब्त कर लिया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद सिंहसार के नेतृत्व में, तहसीलदार लांजी, जिला खनिज अमला, थाना प्रभारी लांजी एवं पुलिस लाइन बालाघाट के बल द्वारा संयुक्त रूप से खनिज रेत के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ग्राम टेमनी में शासकीय एवं निजी भूमि पर कुल 357 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण पाया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत टेमनी के सरपंच के घर में धान के पैरा के नीचे रेत छिपाकर रखी गई थी। मौके पर रेत भंडारण संबंधी कोई वैध अनुमति अथवा रॉयल्टी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर 30 ट्रॉली रेत जब्त कर ग्राम पंचायत टेमनी के ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में सौंप दी गई।

### इन घरों से भी की गई रेत जप्त, हुई जप्ती की कार्यवाही..

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि ग्राम टेमनी में विभिन्न स्थानों से अवैध रूप से भंडारित रेत जब्त की गई, जिनमें जितेंद्र पिता ज्ञानी सिंह के घर से 7 ट्रॉली, लक्ष्मण पिता टिकनसिंह के घर से 55 ट्रॉली, शैलेन्द्र पिता राधेश्याम के घर से 77 ट्रॉली, अशोक पिता भिवराम के घर से 50 ट्रॉली, रुद्धन पिता सुंदरलाल के घर से 10 ट्रॉली, लक्ष्मण पिता तानूसिंह के घर से 30 ट्रॉली, दौलतराम पिता धानूलाल के घर से 30 ट्रॉली, समीर पिता पुरुषोत्तम के घर से 18 ट्रॉली, महेश पिता लेखराम के घर से 30 ट्रॉली, शैलेन्द्र प्रताप सिंह के घर से 40 ट्रॉली तथा कल्याण पिता केशवराव के घर से 10 ट्रॉली रेत शामिल है। खनिज विभाग के अनुसार जब्त की गई समस्त रेत पर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं रेत के अवैध भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अब देखना होगा महाराष्ट्र से आ रही रेत के डंपर पर कब होती है कार्यवाही..

लांजी क्षेत्र में जहां रेत घाटों से अवैध रेत का कारोबार फल फुल रहा है वहीं लांजी क्षेत्र के महाराष्ट्र से लगे हुये ग्रामो में डंपरो के माध्यम से बडे पैमाने पर रेत का अवैध कारोबार फल फुल रहा है। सर्वाधिक कारोबार बहेला थाना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है जहां आमगांव क्षेत्र सहित महाराष्ट्र के गल्लाटोला से रोजाना अंधियाटोला होते हुये डंपर आते है। बहेला क्षेत्र के रिसेवाड़ा सहित अनेकों ग्रामों में भी रेत डंप करके रखा जाकर अधिक दामों मे बेचा रहा है। इन अवैध रूप से संचालित डंपरो पर भी कार्यवाही की मांग तेज हो रही है।

## नहीं तपा नौतपा, हवा-तूफान के साथ हुई हल्की बारिश..

### हवा तूफान से हुआ जन-जीवन प्रभावित..

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्य प्रदेश में प्री-मानसून ने समय से पहले अपनी दस्तक दे दी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है।***





तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश के चलते जन-जीवन प्रभावित हुआ है। बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं ने काफी नुकसान पहुंचाया है। कई स्थानों पर घरों की टीन शेड और छप्पर उड़ गए, पेड़ धराशायी हो गए तथा बिजली आपूर्ति भी घंटों बाधित रही।

शनिवार 30 मई की शाम मौसम ने अचानक करवट ली और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चलने लगी। कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई कच्चे मकानों, कवेलु वाले घर और दुकानों की छतें उड़ गईं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने घरों और सामान को सुरक्षित रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर पेड़ एवं विद्युत खंभे तारें प्रभावित होने की खबरें सामने आई हैं। इससे बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई और लांजी सहित कई गांवों में घंटों तक अंधेरा छाया रहा। स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग की टीमों द्वारा क्षतिग्रस्त व्यवस्थाओं को सुधारने का कार्य किया गया। वहीं बारिश के चलते मौसम में गिरावट नजर आई शाम के समय मौसम का मिजाज ठंडा रहा। मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में रखी कृषि उपज और सब्जी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। आम और अन्य फलदार वृक्षों पर भी तेज हवाओं का असर देखने को मिला है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय हो रही हैं। आगामी दिनों में भी कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश तथा 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान पेड़ों, कमजोर भवनों एवं बिजली के खंभों से दूर रहने, खुले स्थानों पर आश्रय न लेने तथा आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है।

प्री-मानसून की इस दस्तक ने एक ओर लोगों को गर्मी से राहत दी है तो दूसरी ओर तेज आंधी और तूफान ने कई परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब लोगों की नजर आगामी दिनों के मौसम पर टिकी हुई है।

### साप्ताहिक बाजार, सब्जि मंडी स्थल पर भागमभाग..

लांजी क्षेत्र के कुछ ऐसे ग्राम है जहां शनिवार को साप्ताहिक बाजार तथा कुछ ग्रामों में सब्जि मंडी संचालित होती है। शनिवार की शाम को अचानक आये आंधी तुफान ने इन साप्ताहिक बाजार एवं सब्जि मंडी स्थल पर भी खासा प्रभाव डाला है। आंधी तुफान से बने धुल के गुब्बारे ने जहां सब्जियों को नुकसान पंहुचाया वहीं खरीददारी करने आई ग्रामीणो को भागमभाग करनी जिससे बाजार स्थल पर अफरा तफरी का माहौल नजर आया और लोगो को नुकसान भी उठाना पड़ा साथ ही सब्जि विक्रेताओं को भी खासा नुकसान हुआ है।

## महावीर इंटरनेशनल के नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविरों से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ..



जगप्रेरणा लांजी।

सेवा कार्यो मे हमेशा अग्रणी रहने वाली संस्था महावीर इंटरनेशलन के द्वारा लांजी क्षेत्र के अनेको ग्रामों में 26 मई से लेकर 30 मई तक ग्रामीण जनों की सुविधाओं को देखते हुये नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाकर सैकड़ो लोगो का उपचार करवाया गया। सेवा, प्रेम और शांति का संदेश फैलाना, सबकी सेवा, सबको प्यार' यही महावीर इंटरनेशनल का मूल मंत्र है। महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा नि:शुल्क नेत्र, स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन लांजी, भानेगांव, कुम्हारिकला, बोलेगांव, घोटी, बहेला , साडरा कान्द्रिकला, रिसेवाडा, कारंजा, सभी ग्रामों के मुख्य केन्द्रीत स्थानों पर आयोजित किया गया, साथ ही सेवा कार्य में प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह और सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया, इस अवसर पर चयनित हुए लोगों को स्वास्थ्य मार्गदर्शन लाभ के लिए सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। महावीर इंटरनेशनल के जोन चेयरमेन महाकौशल चेयरमैन लांजी केंद्र विशाल राउत खोंगल ने कहा प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित संस्था, द्वारा महावीर स्वास्थ सेवा केंद्रों के माध्यम उक्त स्वास्थ्य सुविधा स्थानीय लोगों को प्रदान की जा रही है। अब नागरिकों को दूर दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले। मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान की जावेगी।

## बहेला, पंचमटोला मार्ग निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी, जिम्मेदारों ने आंखे मूंदी, ग्रामीणों में आक्रोश..

जगप्रेरणा लांजी।

***मुख्यमंत्री विशिष्ट निधि से स्वीकृत 1 करोड़ 32 लाख 66 हजार रुपये की लागत वाली बहेला से पंचमटोला सीसी सडक़ का निर्माण कार्य शुरू तो विकास की उम्मीदों के साथ हुआ था, लेकिन अब यह सडक़ निर्माण***






अपनी गुणवत्ता से ज्यादा कथित गड़बडियों और सवालों को लेकर चर्चा में है। निर्माण स्थल पर पहुंच रहे ग्रामीण खुलकर सडक़ की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। कई ग्रामीणों ने निर्माण कार्य के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किए हैं, जिनमें बेस निर्माण को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज की जा रही हैं। हैरत की बात यह है कि पूरे मामले पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) अब तक बेखबर या यूं कहें कि अंजान बना बैठा दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि एक किलोमीटर लंबी सडक़ के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत होने के बावजूद बेस निर्माण में ही जमकर मनमानी की जा रही है। मौके पर डाली जा रही बेस की परत बेहद पतली बताई जा रही है, जबकि बीच-बीच में ईंटों के टुकड़े डालकर निर्माण को मजबूत दिखाने की कोशिश की जा रही है। लोगों का कहना है कि सडक़ की बुनियाद ही कमजोर रखी जाएगी तो आने वाले समय में सडक़ की हालत क्या होगी, इसका अंदाजा अभी से लगाया जा सकता है। फिलहाल बहेला-पंचमटोला सडक़ निर्माण को लेकर गांव में माहौल गर्म है।

ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर खासा गुस्सा और बेचैनी है कि जिस सडक़ से वर्षों पुरानी आवागमन की परेशानी दूर होने की उम्मीद थी, उसी सडक़ के निर्माण में शुरूआती दौर से ही कथित भ्रष्टाचार की गंध आने लगी है। गांव के लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की परियोजना में यदि बेस निर्माण ही सवालों के घेरे में है तो आगे बनने वाली सीसी सडक़ की गुणवत्ता पर भरोसा करना मुश्किल है। ग्रामीणों के अनुसार इस सडक़ निर्माण कार्य में पहले ही दो ठेकेदार बदले जा चुके हैं और वर्तमान में तीसरे ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा है। इसके बावजूद निर्माण कार्य को लेकर शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार बदलने से यदि गुणवत्ता में सुधार नहीं आता तो फिर बदलाव का उद्देश्य ही क्या रह जाता है।

ग्रामीणो ने जहां विभाग को इस मार्ग को लेकर आड़े हाथों लिया है वहीं क्षेत्रीय विधायक से भी निर्माण कार्य को लेकर शिकायतें की गई है। कहा गया है कि आपके द्वारा करोड़ो रूपये इस मार्ग के लिये स्वीकृत किये गये है जिससे निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। लेकिन ठेकेदार घटिया निर्माण कार्य कर कार्य पर पलीता लगाने में तुला हुआ है। आप इस निर्माण कार्य को संज्ञान में लेवे तथा अधिकारियो को भी निर्देश जारी करें की समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जाये ताकि बहेला- पंचमटोला मार्ग का गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि जब सोशल मीडिया तक निर्माण कार्य के वीडियो पहुंच चुके हैं और गांव में खुलेआम गुणवत्ता को लेकर चर्चा हो रही है तब भी विभागीय अमला मौके पर सक्रिय नजर नहीं आ रहा। इससे विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री और कार्य की तकनीकी जांच कराएं। ग्रामीणों का कहना है की विभाग के अधिकारी सिर्फ शासकीय वाहनों में अपने घर से दफ्तर और दफ्तर से घर के अलावा कहीं नहीं जाते जिसके कारण ठेकेदार और उसके कर्मचारी इस तरह के भ्रष्टाचार को आसानी से अंजाम दे जाते है।

ग्राम पंचायत बहेला की सरपंच श्रीमती सुनीता अशोक चौरागड़े ने कहा कि सडक़ निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार को मौके पर बुलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ताहीन निर्माण किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सडक़ निर्माण शासन की महत्वपूर्ण योजना है और इसमें निर्धारित मापदंडों का पालन अनिवार्य है। ठेकेदार को मौके पर बुलाकर आवश्यक हिदायत दी जाएगी तथा कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के निर्देश दिए जाएंगे। यदि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित विभाग सहित कलेक्टर बालाघाट को शिकायतें की जावेगी।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## श्रमिकों के प्रति..

लोहे सा तन, सोने सा मन
मेहनतकश मजदूरों का।
आभारी है विश्व हमारा,
मेहनतकश मजदूरों का।।

कड़ी धूप में नगर ग्राम में,
श्रम सीकर बरसाते जो ।
नव निर्माणों की आशा में,
भूखे ही सो जाते जो।।
प्रगति पथ पर मील का पत्थर,
मेहनतकश मजदूरों का।।

खेतों और खानों में जिनका,
जीवन सारा कटता है।
जिन्हें देख चट्टानों का भी,
आज कलेजा फटता है।।
तूफ़ानी रहता है सपना,
मेहनतकश मजदूरों का।।

अनाचार, आतंक मिटाने,
इंकलाब जो लाते हैं।
अनुशासित रहकर जीवन में,
गीत ख़ुशी के गाते हैं।।
शोषित मानवता को आश्रय,
मेहनतकश मजदूरों का ।।

संगठित रहकर जीने की,
बात सदा जो करते हैं।
लाठी और गोली खाकर भी,
कभी नहीं जो मरते हैं।।
एकता और विश्वास का बंधन ,
मेहनतकश मजदूरों का।।

प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'

## मन मरुस्थल की रेत..

तुम नयनों की एक अल्पना,
मैं केवल रंग श्वेत प्रिये।
तुम क्षितिज की लालिमा हो,
मैं हरित-हीन खेत प्रिये।

तुम अधरों की प्यास बुझाती,
शीतल जल की धारा सी।
उलझा तुझमें रहता हूँ मैं,
जैसे लता-निकेत प्रिये।

तुम सतरंगी इंद्रधनुष सी,
सावन को उपहार मिली।
मैं यायावर सा हूँ घुमक्कड़,
आँधी का संकेत प्रिये।

तुम रश्मि सी धूलकणों को,
चमक-चमक कर धोती हो।
दूर चेतना से अपनी ही,
मैं हूँ भटकता प्रेत प्रिये।

तुम मेरे प्राणों की प्राण और,
शिथिल धमनियों का बल हो।
तुमसे ही तो मन-मरुस्थल की,
दिव्य हुई सब रेत प्रिये।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## धूम्रपान, खतरे में सबकी जान..

***आजकल हमारे चारों ओर माहौल में नशा घुल मिल गया है, आज की युवा पीढ़ी इसकी चपेट में बुरी तरह से शायद फंस चूंकी है लगभग हर वर्ग इसका शिकार बन गया है, कोई चोरी छिपे हुए नशा कर रहा है तो कोई खुले आम कर रहा है, कोई ए, सी, कमरे में तो कोई सड़क पर खुले आम कर रहा है, समाज का हर वर्ग इस नशे की जाल में तेजी से फंसते जा रहा है!***

ऐसा नहीं है कि लोग इसे छोडना नहीं चाहते, लेकिन यह तभी सार्थक होगा, जब इस दिशा में सही व सार्थक कदम, उठाए जाए, देश के कुछ राज्य शराब बंदी लागू कर चुके है , सच कहा जाए तो आज कल लोग नशे व शराब खोरी के लिए अपना नैतिक व चारित्रिक पतन खुद कर रहे हैं, सामाजिक स्तर अपना मान-सम्मान खुद गिरा रहे हैं।

माँ बाप व परिवार की ईज्जत दांव पर लगा रहे हैं,, गुटखा, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, हेरोइन, गांजा, भांग, चरस, ड्रग्स, शराब व अन्य नशीले पदार्थ,,, शरीर को असमय ही मौत की ओर ले जाते हैं,, शराबियों को को शराब पीने के कई बहाने मिल जाते हैं,, !! सच तो यह है कि जो नशा करता है,, नशा उसे ही नाश कर देता है,,, शराब व अन्य नशे के चक्कर में बड़े बड़े राजे महाराजे, बड़ी बड़ी रियासतें, हंसते खेलते घर व परिवार,, बिखर गये व टूट गए। कई लोग राजा से रंक बन गए, आदमी, आदमी नहीं रह जाता, अच्छे बूरे की पहचान खो देता है, इंसान हैवान बन जाता है, इंसानियत शर्मसार हो जाती है, दिमाग काम नहीं कर ता है, विवेक खो जाता है, लगभग हर बुरे काम की शुरुआत नशे व शराब खो री के बाद ही होती है, हत्या, बलात्कार,

चोरी, डकैती, अनैतिकता, माँ बहनों पत्नी के साथे घरेलू हिंसा होने के साथ साथ, इंसान खुद को भी नशे के बाद मौत के गले लगा देते हैं, ऐसे लोगों के कारण पूरा परिवार, समाज व रिश्ते दार भी परेशान रहते हैं और भारी मुसीबत में फंस जाते हैं, जब परिवार के लोग माँ, पिता और बड़े भाई या अन्य सदस्य ही अगर हमेशा इन पदार्थों का सेवन करते रहते हैं,, तो फिर घर के अन्य सदस्य या छोटे बच्चे धीरे धीरे इनकी आदत के शिकार हो जाते है, और जब बड़े लोग उन्हे ऐसी चीजें खाने से मना करते हैं, तो पलटकर जवाब देते हैं कि आप भी तो खाते हो, हमनें भी खा लिया तो कौन सा गुनाह कर लिया, आखिर छोटे बच्चे ,,बड़ों का अनुसरण ही तो करेंगे!

शराब व अन्य नशे के कारण, दिमाग का शरीर के अन्य हिस्सों से नियंत्रण हट जाता है, मान मर्यादा समाप्त हो जाती है, लगातार नशे बाजी के कारण मानसिक रोग, जिगर, किडनी, लिवर, दिमाग, हाजमा, फेफड़े, आंते, दिल, नसें असमय खराब हो जाते हैं अवसाद, पागलपन, चिड़चिड़ापन, गुस्सा तथा अन्य शारीरिक परेशानी बढ़ जाती है, दवाई यां काम नहीं करती, भयंकर कष्ट कारक मौत होती है।

डाक्टर आंबेडकर जी नें भी नशाखोरी का घोर विरोध किया था उन्होने महिलाओं से कहा था कि अगर कोई आपके घर नशा करके या शराब पीकर आए तो, उनके लिए अपने घर के दरवाजे हमेशा के लिए बंद कर दो, फिर चाहे वह तुम्हारा पूत्र हो या पिता या पति क्यूं ना हो। मध्यपान व नशे खोरी का अंत बहुत बुरा होता है, जिसे चिता पर लेटने की जल्दी हो, वही नशा करता है? धूम्रपान करने वाले व्यक्ति के परिवार के बच्चों व पत्नी को इसका दुष्परिणाम सारा जीवन भुगतना पड़ता है! बच्चे दिल व दिमाग के कमजोर, अपंग, अपाहिज व

कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक बिमारियों के शिकार बन जाते हैं तथा अपने घर के बड़े को धूम्रपान करते हुए देखकर, स्वयं भी चोरी छिपे धूम्रपान व नशा करना शुरू कर देते हैं तथा फिर इसके आदी बनकर जीवन भर के लिए धूम्रपान, शराब व नशे का सेवन करके अपना और परिवार का तथा आसपास का जीवन नर्क बना देते हैं? जब घर के बड़े बुजुर्ग ही पी रहे हैं, तो छोटे तो आगे चलकर पीना ही है, क्योंकि बच्चे,, हमेशा बड़ों के नक्शे कदम पर चलते हैं!

महात्मा गांधी जी नें अपना सारा जीवन शराब व अन्य नशे के खिलाफआंदोलन किया,, सत्य, अहिंसा के रास्ते पर खूद चले व दूसरों को भी सच्चे व नेक राह पर चलने के लिए प्रेरित किया,,, वे खुद जो कहते थे, पहले स्वयं उसका पालन करते थे, तभी उनकी बातों से लोग प्रभावित होते थे।

आज सरकार अपना राजस्व आय बढ़ाने के लिए शराब की नई नई दुकानों को खुलवाने का काम करती है, स्कूलों के पास नशे के पदार्थ व शराब की दुकान नहीं होना चाहिए, ऐसा होने पर जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, वर्ना यह अभियान सिर्फ कागजों तक ही कर रह जाएगा, शायद बापू भी स्वर्ग से अपने देश भारत को देख कर सोचते होंगे कि उनके दिए उपदेशों का, उनके ही देश वासी कितना पालन करते हैं और पालन करवाते हैं? महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बलिदान को व्यर्थ न जाने दे, उनके बताए सच्चाई व अच्छाई की राह पर चलें, सत्य, अहिंसा, देशप्रेम, इंसानियत व ईमानदारी को न छोड़े, जो बोले उसका पालन पहले खुद करें, अहंकार, अभिमान, घमंड, मैं, खुशामद खोरी, जी हजुरी व नशे बाजी को अपने से दूर रखें, अपनी इच्छाशक्ति, आत्मबल व स्व प्रेरणा से, सही प्रयास कर के, किसी भी प्रकार के नशे से छुटकारा पाया जा सकता है। मैं स्वयं पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू, शराब व अन्य नशीले पदार्थ, यहाँ तक कि सौंफ सुपारी तक का सेवन नहीं करता, नशा वह भयानक रोग है, जिससे जल्द छुटकारा न पाया गया तो यह, सब कुछ नाशानाश कर देता है, आज अभी से ही यह प्रण करें कि धूम्रपान या अन्य कोई भी नशा करने वाले को हम इसके खतरे के बारे में समझाएं व उसे इसे छोड़ने के लिए कहे,

यदि वह ऐसा नहीं करता है तो, ऐसे व्यक्ति का पूर्ण रूप से सामाजिक और पारीवारिक बहिष्कार करें, क्योंकि नशे बाज और धूम्रपान करने वाला व्यक्ति, अपने लिए, परिवार, समाज, देश, दुनिया के लिए,, आने वाली पीढ़ी के लिए, परिवार व आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के लिए भयंकर खतरा और अपशगुन और कलंक की तरह है, जो स्वयं अपने साथ ही साथ दुसरो व अपनों की जानबूझकर जान का दुश्मन बना होता है?

संजय जांगजुड़े

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## जिंदगी के सफर में..

जिंदगी के सफर में बड़े भाई को
बाप का दर्जा दिया गया है।
लेकिन यह दर्जा उससे केवल
अपना मतलब सिद्ध करने के
लिये ही दिया गया है।


छोटे भाई बहनों की पढ़ाई तथा
उनके विवाह करना बड़े भाई का
कर्तव्य माना जाता है।
लेकिन इस सब के बदले उसे
कोई विशेष अधिकार नही मिलते।
छोटे भाई जब कमाने लगते हैं
तो केवल अपने लिये ही खर्च करते हैं।
उनके कमाई की एक पाई भी
बड़े भाई को नही मिलती।

अपने जिंदगी के 15- 20 साल की
कमाई बड़ा भाई घर के लिये
खर्च करता है लेकिन उसे
इसके बदले कोई आर्थिक लाभ
तो नहीं मिलता उल्टे उसे
घर के लिये कुछ नहीं किया
कहकर बदनाम किया जाता है।

यहॉं तक की बाद में उसके बच्चे भी
हमारे लिये क्या किया?
कहकर परेशान करते रहते हैं।
उसने जिंदगी में क्या किया यह
सुनने ना मॉं- बाप, ना भाई-बहन
और ना बच्चे तैयार रहते हैं।
इस तरह बड़ा भाई आर्थिक
सामाजिक तथा भावनिक रुप से
सबसे पिछे रह जाता है।

चिरंजीव बिसेन


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 179



ऊपर से नीचें :– 1) दीपक 2) दुःख, गम 3) मारी 4) वर्धा (महाराष्ट्र) के इस समीपस्थ स्थान में आचार्य विनोबा भावेजी का आश्रम है 5) बड़ी कड़ाही 6) मशहूर 7) सदैव 8) जले हुये कोयले का अंश 9) श्रीलंका का पूर्ववर्ती नाम 10) श्रीकृष्ण के भाई 12) विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल 13) निमित्त 14) तरीका 17) महीना 19) नाना का घर 20) प्रतिदिन का 21) कोमलांगी स्त्री 23) शासक 24) जरा भी न हिलना या अपनी बात या स्थान पर डटे रहना (एक मुहावरा) 27) उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा जलप्रपात 28) कीर्ति 29) एक मुगल बादशाह 31) पुरस्कार 32) हाथ 33) सामर्थ्य 34) वर्ष 35) कृष्ण का एक अपभ्रंश 37) मादा चकोर पक्षी 38) बंदीगृह की बहुत तंग और अंधेरी कोठरी 40) ओशो, चन्द्रमा 41) दयालु (उर्दू) 43) माथा 45) सपना 47) गंदगी 48) श्रवण करना 50) कंचुकी 52) दिवाकर, सूर्य, मदार का पेड़ 54) वादविवाद करना 55) तसल्ली 56) पति 58) खींचातानी 59) आत्मा 60) अयोग्य, निकम्मा 63) पुरानी रीतिरिवाज पर आंख मुंद कर चलना अर्थवाला एक मुहावरा 65) विपत्ति 67) यौवन 68) इस किनारे से उस किनारे जाना, नदी आदि को लांघना 70) सुबह 72) देरी से (अंग्रेजी) 74) रोकना 75) करना कुछ कहना कुछ अर्थवाला एक मुहावरा, करने और कहने की क्रिया 77) अद्भूत, अनूठा 78) राजी कराना 80) स्वाद में तीखी लगनेवाली 81) मूषक 86) कारण का अशुद्ध उच्चारण 88) भेड़ बकरियां चरानेवाला 91) कारण 92) ईख 93) मार्गक्रमण करनेवाले वाहनों पर लगनेवाला कर 96) एक विदेशी तौल 98) प्रवाहित होना 99) लोम 101) घमंड 102) सेतु 105) लोग 106) एक रंग 107) सज्जन 109) गढ़ 110) फंदा 111) दुष्मनी (जवाब अगले अंक में)

बायें से दायें :– 1) बहुत दिनों जक जीवित रहनेवाला, छोटे बच्चों के नाम के पहले लिख जानेवाला एक शब्द 4) थामना या धरना 7) एक रंग 9) किसी सरल रेखा पर समकोण बनानेवाली रेखा 11) असर करनेवाला 15) भेद, गुप्त बात 16) जमघट 18) दोष निकालना अर्थवाला एक मुहावरा 22) लिप्त 23) हवा चलने से उत्पन्न ध्वनि 25) मादकता 26) एक पुराने समाजवादी नेता जिन्होंने इंदिरा गांधीजी को अलाहाबाद चुनाव क्षेत्र में पराजित किया था 29) सरस्वती 30) आलू से बनाया जानेवाला एक तिकोना नमकीन पदार्थ 32) सुंदर 34) सहयोग, साथ में काम करने का भाव 25) किसको 36) रचयिता 39) बड़ा शहर 41) छुट्टी 42) दृष्टि 43) महायुद्ध 44) मुलायम 46) राजप्रसाद 48) आलसी 49) रग 50) तस्करी 51) पर्याप्त 53) एक रत्न 55) सूर्य 57) बनावटी 59) नाराज होना 61) ध्वंस 62) चित्त 64) बोलने में अटकना 66) मतवाला, मदमस्त 67) विषैला 68) शिबिका, एक प्रकार की सवारी (यान) 69) अचानक 70) जान 71) नाम लेनेवाला 73) मृत्यु देवता 75) कटि 76) शुल्क 77) इसलिए 79) मध्य प्रदेश का चूना उत्पादन के लिये प्रसिद्ध शहर 80) जिसके टुकड़े टुकड़े हो गये हो 82) छोटी कली 83) मन की इच्छा, अभिलाषा 84) कोलाहल, हल्ला 85) कथाकार 87) नृत्य 89) चमड़ा 90) किश्ती 92) झूठी बात 94) प्रहर, तीन घंटे का समय 95) कर्नाटक का रहनेवाला 97) ईश्वर (उर्दू) 100) चार ध ाामों में से एक 103) गाय, भैंस का अंग जिससे दूध दुहा जाता है 104) पुरुष 105) हमारे एक भूतपूर्व प्रध ाानमंत्री 108) आज के ठीक बाद में आनेवाला दिन 110) प्राणप्रिय, जिगरी 112) स्नान करना 113) लोच 114) वेग 115) बहुत धनी या बहुत सम्पन्न 116) मां के पिता का पिता

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





# विनेश फोगाट एशियान गेम्स से हुई बाहर, मीनाक्षी गोयात ने सेमीफाइनल में 6-4 से हराया..

डेस्क जगप्रेरणा।

***एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए विनेश फोगाट ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में ट्रायल्स में भाग लिया। लेकिन विनेश एशियन गेम्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। उन्हें सेलेक्शन ट्रायल्स में महिलाओं के 53kg ट्रायल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।***

उन्होंने 53द्मद्द वर्ग में प्रतिस्पर्धा किया। उन्होंने अपना ट्रायल का अपना पहला राउंड बड़े अंतर से जीता। उन्होंने हरियाणा की ज्योति को 7-1 से हराया। वहीं सेमीफाइनल में उनका सामना मीनाक्षी गोयात से हुआ। वहां उन्हें 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

## विनेश को पहले मिली थी 50kg वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने की इजाजत

बता दें कि आज सुबह विनेश किस केटेगरी में खेलेंगी? इसको लेकर काफी बवाल हुआ था। दरअसल विनेश को जब बताया गया कि उन्हें सिर्फ 50द्मद्द वर्ग में प्रतिस्पर्धा की इजाजत मिलेगी, तो महिला पहलवान ने इसका विरोध जताते हुए महासंघ पर भेदभाव का आरोप लगाया। हालांकि बाद में उन्हें 53द्मद्द केटेगरी में प्रतिस्पर्धा की इजाजत दे दी गई।



भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) नहीं चाहता था कि विनेश फोगाट इस ट्रायल मैच में खेलें।

दिल्ली हाई कोर्ट ने विनेश को ट्रायल्स में शामिल होने की इजाजत दे दी थी, लेकिन महासंघ इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। आखिर में सुप्रीम कोर्ट ने विनेश के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसके बाद ही वह इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकीं।

## विनेश फोगाट को सुप्रीम कोर्ट से मिली थी राहत..

तीन बार ओलंपिक खेल चुकीं विनेश फोगाट पहले 57 किलोग्राम वर्ग (वेट कैटेगरी) में वापसी करना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश के गोंडा में होने वाले एक टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला किया, लेकिन कुश्ती महासंघ (WFI) ने उन्हें खेलने की इजाजत नहीं दी। इसके बाद यह विवाद कोर्ट तक पहुंच गया। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार कोर्ट से विनेश को राहत मिली और उन्हें एशियन गेम्स के ट्रायल्स में शामिल होने का मौका मिला।

# 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडिस की बढ़ी मुश्किलें, कोर्ट ने आरोप तय करने के दिए आदेश..

डेस्क जगप्रेरणा।

***जेल में सजा काट रहा महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपयों के जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नया अपडेट आया है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने इस मामले में सुकेश चन्द्र शेखर लीना मारिया पॉल***



के साथ बॉलीवुड अभिनेत्रीजैकलीन फर्नांडिस और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इस मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोप तय करने के साथ-साथ 200 करोड़ की कथित जबरन वसूली से जुड़े मकोका मामले में भी सुकेश चंद्रशेखर, लीना मारिया पॉल और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों को

आरोपों पर औपचारिक हस्ताक्षर के लिए 3 जून को उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

## क्या है पूरा मामला?

यह मामला दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज उस एफआईआर से जुड़ा है जो शिकायत कर्ता अदिति सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई थी। जांच एजेंसियों के अनुसार कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर पर जेल के भीतर से ही करोड़ों रुपये की उगाही करने और उस धन को विभिन्न माध्यमों से इस्तेमाल करने का आरोप है।

प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि जैकलीन फर्नांडिस को सुकेश चंद्रशेखर से महंगे उपहार और अन्य लाभ मिले थे, जबकि अभिनेत्री लगातार यह कहती रही हैं कि उन्हें कथित अपराध से जुड़े पैसे के स्रोत की जानकारी नहीं थी।

## जैकलीन के लिए काफी मंहगा पड़ा ये मामला..

सुकेश चंद्रशेखर भले ही जेल में बंद है लेकिन उसकी अय्याशियों की कहानी सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरती रहती है। इस महाठग से जैकलीन कभी मिलने पहुंची थी और इसके बाद दोनों की कथित प्रेम कहानी की परतें बाहर आने लगीं।

बताया गया कि सुकेश ने जैकलीन को मंहगे तोहफे दिए और विदेशों में उनके परिवार को कीमती चीजें गिफ्ट कीं।

वहीं इनमें से ज्यादातर पैसा अवैध तरीके से कमाया गया था और इसी मामले में जांच चल रही है। अब इस मामले में जैकलीन को भी 3 जून को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। अब देखना होगा कि जैकलीन इस मामले को किस तरह संभालती हैं। इस मामले ने जैकलीन के करियर पर भी गहरा असर डाला और उनकी लोकप्रियता पर भी बट्टा लगा है। हालांकि जैकलीन अभी भी फिल्में और शोज करती नजर आती रहती हैं।

# सात्विक-चिराग ने सिंगापुर ओपन में किया बड़ा उलटफेर, वर्ल्ड नंबर-1 जोड़ी को मात देकर फाइनल में बनाई जगह..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष डबल्स इवेंट के सेमीफाइनल में 30 मई को उस समय बड़ा उलटफेर देखने को मिला जब भारत की स्टार जोड़ी सात्विक-चिराग ने मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 जोड़ी साउथ कोरिया की किम वोन हो***



और सियो सेउंग जे को लगातार दो सेट में मात देने के साथ फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। सात्विक-चिराग जो अभी मौजूदा नंबर-4 की जोड़ी है उनके लिए ये मुकाबला आसान नहीं रहा जिसमें उन्हें मैच को अपने नाम करने लिए लगभग एक घंटे तक कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

## दोनों ही सेट में सात्विक और चिराग को मिली कड़ी टक्कर..

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को इस मैच में जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने सभी को अपने शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर जवाब देते हुए फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। इस सेमीफाइनल मुकाबले में दोनों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली जिसमें पहले सेट को लेकर बात की जाए तो उसमें ब्रेक लिए जाने तक साउथ कोरिया की जोड़ी 13-11 से आगे थे, लेकिन इसके बाद चिराग-सात्विक ने शानदार वापसी करने के साथ पहले सेट को 21-19 के अंतर से अपने नाम करने के साथ मुकाबले में 1-0 की बढ़त बना ली। अब दूसरे सेट में भी साउथ कोरिया की नंबर-1 जोड़ी एक समय 14-11 के अंतर से आगे चल रही थी, लेकिन सही समय पर सात्विक-चिराग ने वापसी करने के साथ 21-18 से मैच जीतने के साथ फाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया।

## फाइनल में इंडोनेशिया की जोड़ी से होगा सामना..

चिराग-सात्विक की जोड़ी जो अपने करियर में पहली बार सिंगापुर ओपन सुपर 750 के पुरुष डबल्स के फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे हैं उनकी नजरें अब खिताब जीतने पर हैं। 31 मई को होने वाले फाइनल मुकाबले में सात्विक-चिराग का सामना इंडोनेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री से होगा जिन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में चीन के लियांग वेई कांग और चांग वांग की जोड़ी को लगातार 2 सेट 23-21 और 21-4 के अंतर से मात देने के साथ खिताबी मैच के लिए अपनी जगह को पक्का किया है।

# कभी फिल्मों में किया काम, सालों बाद सड़क पर भीख मांगती और चोरी करती पकड़ी गई एक्ट्रेस, मेंटल एसाइलम में हुईं भर्ती..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मनोरंजन की दुनिया एक ऐसी दुनिया है, जहां किस्मत आए दिन उलटती-पलटती रहती है। कभी कोई एक नया नवेला कलाकार स्टार बन जाता है तो वहीं कोई देखते ही देखते अर्श से फर्श पर आ जाता है।***



भोजपुरी फिल्मों और मॉडलिंग में काम कर चुकीं एक्ट्रेस मिताली शर्मा के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। कभी मिताली शर्मा को फिल्म इंडस्ट्री का एक होनहार चेहरा माना जाता था। उनकी शुरुआती जर्नी भी शानदार रही, कुछ बेहतरीन प्रोजेक्ट्स के बाद वह इंडस्ट्री में मेकर्स के बीच पहचान बनाने में सफल रहीं, लेकिन ये सफर लंबे समय तक कायम नहीं रह सका। जैसे-जैसे समय बीतने लगा, फिल्म के ऑफ र्स कम होने लगे और फिर काम न मिलने के चलते उनके लिए गुजारा करना मुश्किल हो गया। जिसके बाद कथित तौर पर उन्हें गंभीर वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## एक्ट्रेस बनने की चाहत में दिल्ली से पहुंचीं मुंबई..

मिताली शर्मा मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं और एक्ट्रेस बनने का सपना लेकर मुंबई आई थीं। लेकिन,

एक्ट्रेस बनने की चाहत में वह अपने परिवार से भी दूर हो गईं, क्योंकि उनका परिवार उनके फैसले के खिलाफ था। न इमोशनल सपोर्ट और फिर आर्थिक मुश्किलों ने मिताली को तोड़ दिया। इंडस्ट्री से लगातार मिल रहे रिजेक्शन के चलते उनकी स्थिति दिन पर दिन खराब होती गई और समय के साथ-साथ उनका मानसिक स्वास्थ्य भी बिगड़ने लगा।

## मुंबई की सड़कों पर दयनीय हालत में पाई गईं मिताली शर्मा..

मिताली शर्मा एक बार फिर तब चर्चा में आईं, जब मुंबई की सड़कों पर उन्हें दयनीय स्थिति में पाया गया। मुंबई के लोखंडवाला की सड़कों पर मिताली को भीख मांगते देखा गया। एक्ट्रेस का शुरुआती सफर और फिर ये हाल देखकर हर कोई हैरान रह गया।

इसके बाद मुंबई पुलिस ने मिताली को हिरासत में ले लिया और इस दौरान ये भी आरोप लगाए गए कि मिताली को चोरी करने के आरोप में पुलिस ने पकड़ा है, जिसके बाद लोग और भी ज्यादा परेशान हो गए।

## अधिकारियों से मांगा खाना..

बताया जाता है कि जब मिताली को हिरासत में लिए जाने के बाद एक महिला पुलिस अधिकारी ने हथकड़ी पहनाने की कोशिश की, तो उन्होंने आक्रामक प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस के चंगुल से भागने की भी कोशिश की।

वहीं पुलिस स्टेशन लाए जाने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों से खाना मांगा। मिताली की आर्थिक और मानसिक हालत देखने के बाद थाने में मौजूद अधिकारियों ने डॉक्टर से संपर्क किया और उन्हें मेडिकल हेल्प दी, जिसके बाद मिताली को मेंटल एसाइलम में भर्ती करा दिया गया।

# प्रतियोगिता जीतने के लिए अच्छे गेंदबाजी आक्रमण की जरूरतः पाटीदार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कप्तान रजत पाटीदार को भरोसा है कि भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई वाला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मजबूत गेंदबाजी आक्रमण टीम को लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा।***



आरसीबी रविवार को यहां आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। पाटीदार ने खिताबी मुकाबले से पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि किसी भी बड़ी प्रतियोगिता को जीतने के लिए मजबूत गेंदबाजी इकाई का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, 'अगर आपको टूर्नामेंट जीतना है तो आपके पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण होना चाहिए।

इस विकेट पर 200-220 रन बनाना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन इतने बड़े स्कोर का बचाव करना कहीं अधिक मुश्किल होता है। इसलिए बेहतर गेंदबाजी इकाई सफलता की कुंजी है।' पाटीदार ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की जमकर सराहना की। उन्होंने 15 मैचों में 26 विकेट लेने वाले भुवनेश्वर को आरसीबी के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ बताया।

पाटीदार ने कहा, 'भुवी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी की है। इस स्तर की प्रतियोगिता में गेंदबाजों के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं होता। उनकी योजनाएं और रणनीतियां बेहद स्पष्ट हैं, जिसका टीम को काफी फायदा मिल रहा है।'

पाटीदार ने यह भी माना कि केवल भुवनेश्वर और जोश हेजलवुड जैसे प्रमुख गेंदबाजों के भरोसे खिताब नहीं जीता जा सकता। उन्होंने अन्य गेंदबाजों के योगदान को भी उतना ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, 'जब आपके पास भुवी और हेजलवुड जैसे शीर्ष गेंदबाज हों, तब भी अन्य गेंदबाजों का सहयोग जरूरी होता है। जिस तरह रसिख सलाम ने टीम के लिए अहम मौकों पर विकेट लेकर योगदान दिया है, वह बेहद महत्वपूर्ण है। सिर्फ एक या दो गेंदबाजों के दम पर टूर्नामेंट नहीं जीता जा सकता।'

रसिख सलाम ने इस सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट लेकर टीम को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं। पाटीदार का मानना है कि गेंदबाजी इकाई के सामूहिक प्रदर्शन ने आरसीबी को फाइनल तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट की फिटनेस पर पाटीदार ने कहा कि वह फिलहाल नेट्स में अभ्यास कर रहे हैं और बल्लेबाजी भी कर रहे हैं। हालांकि, उनके फाइनल में खेलने पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

उन्होंने कहा, 'साल्ट इस समय नेट सत्र में अभ्यास और बल्लेबाजी कर रहे हैं। अभी हमने कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। डॉक्टर और टीम प्रबंधन उनकी स्थिति का आकलन करेंगे, उसके बाद ही फैसला किया जाएगा।'

पाटीदार ने स्वीकार किया है कि आईपीएल फाइनल से पहले उनकी टीम को मिला अतिरिक्त आराम और तैयारी का समय कुछ हद तक फायदेमंद साबित हो सकता है, हालांकि उन्होंने इसे निर्णायक बढ़त मानने से इनकार किया। आरसीबी ने 26 मई को पहले क्वालीफायर में टाइटंस को हराकर सीधे फाइनल में जगह बनाई थी। इस जीत के बाद टीम को 31 मई को होने वाले खिताबी मुकाबले से पहले चार दिनों का विश्राम और तैयारी का मौका मिला।

टाइटंस को फाइनल तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ा। टीम ने क्वालिफायर-दो खेलकर फाइनल का टिकट हासिल किया, जिससे उसे आराम और तैयारी के लिए अपेक्षाकृत कम समय मिला। पाटीदार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, 'हां, क्वालीफायर-एक के बाद हमें पर्याप्त समय मिला, जिससे खिलाड़ियों को आराम करने और पूरी तरह से रिकवर होने का मौका मिला। लेकिन यह बहुत बड़ा अंतर नहीं है, क्योंकि दोनों टीमें बेहद मजबूत हैं और पूरे टूर्नामेंट में शानदार क्रिकेट खेलती रही हैं।'

# सस्पेंस से भरपूर करोड़पति यूट्यूबर की शादीशुदा जिंदगी

## पत्नी अर्वंतिका हुई गायब? सौरव जोशी के क्रिप्टिक जवाब ने किया कंफ्यूज..

डेस्क जगप्रेरणा।

***करोड़पति यूट्यूबर सौरव जोशी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में रहते हैं। अब वह अपनी शादीशुदा जिंदगी में चल रही हलचल की वजह से सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं, क्योंकि काफी समय से उनके व्लॉग में अवंतिका नजर नहीं आ रही हैं***



और यूजर्स उनसे सवाल कर रहे हैं कि उनकी पत्नी अवंतिका कहां गायब है? सौरव जोशी और अवंतिका भट्ट को उनकी शादी के बाद से खूब ट्रोल किया जा रहा था, जिस पर यूट्यूबर ने रिएक्ट किया और घुमा-फिराकर अपनी पत्नी के बारे में बात की। उनके क्रिप्टिक जवाब ने फैंस को भी हैरान कर दिया है।

## सौरव जोशी की पत्नी अवंतिका गायब?

25 नवंबर 2025 को शादी के बंधन में बंधे सौरव जोशी और अवंतिका भट्ट सबसे मशहूर कपल में से एक हैं, जो अपने तलाक को लेकर चर्चा में हैं। सौरव जोशी की पत्नी अवंतिका भट्ट को लेकर कुछ वक्त पहले अफवाह उड़ी थी कि वो यूट्यूबर को चीट कर रही हैं। इन सब पर बात करते हुए उन्होंने अपने नए व्लॉग में अवंतिका के बारे में बात की। यूट्यूबर सौरव ने खुद खुलासा किया कि अवंतिका भट्ट घर से गायब है। उन्होंने आगे कहा कि मेरी पत्नी अवंतिका की गैरमौजूदगी पर हर कोई आजकल सवाल कर रहा है और पूछ रहा है कि अवंतिका कहा है? सौरव जोशी ने अपने व्लॉग में अवंतिका के बारे में साफ तौर पर कुछ नहीं कहा और इस बात पर भी दुख जताया कि लोग उनकी पत्नी को पसंद नहीं करते हैं। सौरव ने आगे ये भी कहा कि अवंतिका को व्लॉग में न देखकर कुछ लोग खुशी है, जो गलत बात है।

## सौरव जोशी कौन हैं?

सौरव जोशी भारत के सबसे लोकप्रिय यूट्यूबर और डेली व्लॉगर्स में से एक हैं। उनके यूट्यूब चैनल 'सौरव जोशी व्लॉग्स' पर 40 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं। 8 सितंबर, 1999 को उत्तराखंड में जन्मे सौरव अब हल्द्वानी में रहते हैं। यूट्यूबर बनने से पहले वे अपनी स्केच आर्ट के लिए जाने जाते थे।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433





## कपास आयात शुल्क में कटौती से उपलब्धता बढ़ेगी, लागत घटेगी: कपड़ा मंत्रालय..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्र सरकार के कपास के आयात पर सीमा शुल्क से छूट देने के फैसले से कपड़ा उद्योग के लिए कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी, लागत कम होगी और भारतीय कपड़ा क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। कपड़ा मंत्रालय ने शनिवार को यह बात कही।***



उद्योग संगठनों ने भी इस फैसले को परिधान क्षेत्र के लिए बड़ी राहत बताया है। सरकार ने शनिवार को कपास के आयात पर सीमा शुल्क से पांच महीने यानी 30 अक्टूबर, 2026 तक छूट देने की घोषणा की। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि आयात शुल्क में यह छूट एक जून, 2026 से प्रभावी होगी।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने कहा, ÷इस उपाय से भारतीय वस्त्र और परिधान क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ने और पूरी मूल्य श्रृंखला को बहुत जरूरी राहत मिलने की उम्मीद है।÷

वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कहा कि कपास आयात पर सीमा शुल्क में छूट एक जून, 2026 से प्रभावी होगी।

कपड़ा मंत्रालय ने कहा, ''कपास की कम आवक की अवधि में लागू किया गया यह कदम कपड़ा उद्योग के लिए पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को मजबूती देगा, उत्पादन लागत को नियंत्रित करेगा और किसानों के हितों की रक्षा करते हुए तथा बाजार स्थिरता बनाए रखते हुए भारतीय कपड़ा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धी क्षमता को मजबूत करेगा।''

एईपीसी के चेयरमैन ए. शक्तिवेल ने कहा कि इस निर्णय से विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों को लाभ होगा, जो कपास और सूत की कीमतों में तेज वृद्धि से प्रभावित रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कपास आयात पर सीमा शुल्क हटाना समय की मांग थी और इससे घरेलू बाजार में कपास की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

शक्तिवेल ने कताई मिलों से कपास की लागत में कमी का लाभ सूत की कीमतों में समुचित कटौती के रूप में आगे बढ़ाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इससे पूरी कपड़ा मूल्य श्रृंखला को स्थिरता मिलेगी और परिधान निर्यातक आने वाले महीनों में अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर निर्यात ऑर्डर हासिल कर सकेंगे तथा उन्हें पूरा कर पाएंगे।

भारतीय कपड़ा उद्योग परिसंघ (सिटी) के चेयरमैन अश्विन चंद्रन ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कपास पर 11 प्रतिशत आयात शुल्क भारतीय कपड़ा एवं परिधान उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में बड़ी बाधा बन गया था, क्योंकि एशिया के प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों को कपास शुल्क-मुक्त उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि आयात शुल्क के कारण पूरी मूल्य श्रृंखला में लागत बढ़ रही थी और इससे भारत के कपड़ा एवं परिधान निर्यात को बढ़ाने के प्रयास प्रभावित हो रहे थे।

भारत के कपड़ा निर्यात में कपास आधारित उत्पादों का दबदबा है। देश ने वर्ष 2030 तक कपड़ा एवं परिधान निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

चंद्रन ने कहा कि कपास आयात शुल्क में यह अस्थायी राहत भारत के कपड़ा एवं परिधान निर्यातकों को मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से उभर रहे अवसरों का बेहतर लाभ उठाने में मदद करेगी।

## मुनाफावसूली से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट, कम उपलब्धता और मांग बढ़ने से बिनौला तेल में सुधार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***ऊंचे दाम पर सटोरियों की मुनाफावसूली के कारण शनिवार को सरसों तेल-तिलहन के दाम में मामूली गिरावट देखी गई जबकि लगभग कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने के कारण बिनौला तेल के दाम में सुधार हुआ।***



सुस्त कामकाज के बीच सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर बने रहे। सरकार ने सीपीओ का आयात शुल्क मूल्य में 21 रुपये प्रति क्विंटल और पामोलीन के आयात शुल्क मूल्य में 48 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। जबकि सोयाबीन डीगम तेल का आयात शुल्क मूल्य 19 रुपये प्रति क्विंटल घटाया है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि काफी समय तक सरसों के दाम नीचे रहने के बाद अब इसका भाव आयातित तेलों से कुछ मंहगा हो गया है। सरसों के इस ऊंचे दाम को देखते हुए सटोरियों द्वारा की गई मुनाफावसूली के कारण सरसों के दाम में शनिवार को मामूली गिरावट दर्ज हुई।

उन्होंने कहा कि बिनौला तेल की उपलब्धता काफी कम रह गई है। मंडियों में आज कपास नरमा की आवक 15-16 हजार गांठ रह गई। सूरजमुखी और मूंगफली से सस्ता होने के कारण नमकीन बनाने वाली कंपनियों की ओर से औद्योगिक मांग के कारण बिनौला तेल के दाम में सुधार आया।

सूत्रों ने कहा कि सामान्य कामकाज के बीच सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 7,775-7,800 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,725-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,545-2,845 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,600-2,700 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,600-2,745 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,170 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,950 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,925 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,600 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,425-7,475 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,075-7,150 रुपये प्रति क्विंटल।

## भारत और ईएईयू सीमित अंतरिम व्यापार समझौते पर कर रहे हैं चर्चा : रूसी मंत्री..

मॉस्को, (भाषा)।

***भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) एक प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत कुछ चुनिंदा सामानों के लिए सीमित और अस्थायी व्यापार व्यवस्था पर चर्चा कर रहे हैं।***



रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' की खबर के अनुसार, रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने यह जानकारी दी है। उन्होंने शुक्रवार को एक टीवी कार्यक्रम को दिए साक्षात्कार में इस बातचीत को जटिल बताया।

समाचार एजेंसी 'तास' के मुताबिक, उन्होंने कहा, ÷भारत के साथ मामला थोड़ा अधिक जटिल है क्योंकि वहां की अर्थव्यवस्था काफी बड़ी है और दोनों पक्षों के आपसी हित भी उलझे हुए हैं। स्पष्ट कहें तो, भारतीय पक्ष की मांगें भी काफी महत्वाकांक्षी हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷यही कारण है कि हम वर्तमान में एक सीमित और अस्थायी मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने पर चर्चा कर रहे हैं, जो केवल उत्पाद समूहों द्वारा तय की गई वस्तुओं की एक विशेष सूची पर ही लागू होगा।÷

रेशेतनिकोव की यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत और ईएईयू के बीच व्यापार को उदार बनाने (कर और नियमों में ढील देने) की बातचीत ने रफ्तार पकड़ी है। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में 'सुप्रीम यूरेशियन इकोनॉमिक काउंसिल' की बैठक में पुतिन ने कहा, ÷पिछले साल मंगोलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंडोनेशिया के साथ व्यापार समझौते किए गए थे और इसी के साथ भारत के साथ भी व्यापार उदारीकरण पर बातचीत तेज की गई है।÷

पुतिन ने कहा कि उनका आर्थिक संघ नए साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत शुरू करने का समर्थन करता है। ईएईयू पांच देशों का एक आर्थिक संगठन है, जिसमें रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। इसकी स्थापना साल 2015 में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य इन देशों के बीच एक साझा बाजार बनाना, व्यापार के रास्ते की रुकावटों को हटाना और आर्थिक नीतियों में तालमेल बिठाना है।

## अगले साल तक 27 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी डिजीयात्रा सुविधा

नई दिल्ली, (भाषा)।

***यात्रियों के लिए हवाई अड्डों पर प्रवेश प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाने वाली डिजीयात्रा सुविधा अगले साल तक 27 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध करा दी जाएगी। नागर विमानन मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।***



चेहरे की पहचान तकनीक (एफआरटी) आधारित डिजीयात्रा के जरिये यात्रियों को हवाई अड्डों पर संपर्करहित और निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलती है। यह सुविधा फिलहाल 38 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। चेहरे की पहचान तकनीक एक बायोमेट्रिक एआई प्रणाली है जो चेहरे की विशेषताओं का विश्लेषण कर किसी व्यक्ति की पहचान या सत्यापन करती है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि डिजीयात्रा ऐप के जरिये अब तक 10 करोड़ से अधिक निर्बाध यात्राएं संभव हुई हैं और इसे 2.4 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है।

बयान के अनुसार, ''हाथ से होने वाले दस्तावेज सत्यापन की जगह लेने से इस मंच ने हवाई अड्डों पर प्रवेश प्रक्रिया का औसत समय प्रति यात्री 15 सेकंड से घटाकर केवल पांच सेकंड कर दिया है।''

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि भारतीय हवाई अड्डों पर वार्षिक यात्री यातायात 2030 तक 50 करोड़ और 2040 तक लगभग दोगुना होकर 100 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

उन्होंने कहा, ''फिलहाल डिजीयात्रा 38 हवाई अड्डों पर सक्रिय है और अगले साल तक 27 और हवाई अड्डों को इससे जोड़ा जाएगा।''

## यूपीएससी परीक्षा में सफलता के भ्रामक दावों पर वाजीराम एंड रवि पर सात लाख रुपये का जुर्माना..

नई दिल्ली, (भाषा)।




केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा, 2023 में सफल अभ्यर्थियों का श्रेय लेने वाले भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में वाजीराम एंड रवि आईएएस स्टडी सेंटर पर सात लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण ने पाया कि संस्थान के विज्ञापनों में जिन अधिकांश सफल अभ्यर्थियों का उल्लेख किया गया था, वे केवल उसके निःशुल्क 'इंटरव्यू गाइडेंस प्रोग्राम' (आईजीपी) से जुड़े थे। यह एक अल्पकालिक कार्यक्रम है, जो अभ्यर्थियों के प्रारंभिक (प्रीलिम्स) और मुख्य (मेन्स) परीक्षा स्वयं उत्तीर्ण करने के बाद शुरू होता है। नियामक ने बयान में कहा कि परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद संस्थान ने अपनी वेबसाइट पर दावा किया था कि शीर्ष 10 में शामिल आठ तथा शीर्ष 50 में शामिल 37 रैंक हासिल करने वाले उसके छात्र हैं।

संस्थान ने यह भी दावा किया था कि हर वर्ष यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से चयनित होने वाले 30 प्रतिशत से अधिक अधिकारी उसके छात्र होते हैं। मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता वाले सीसीपीए ने पाया कि विज्ञापन में शामिल शीर्ष 10 में से आठ रैंक धारकों में से सात तथा शीर्ष 50 रैंक धारकों में से 37 में से 29 रैंक धारकों ने केवल निःशुल्क आईजीपी कार्यक्रम में नामांकन कराया था। हालांकि, संस्थान ने इस तथ्य का खुलासा नहीं किया था। प्राधिकरण ने कहा कि जानकारी छिपाने का यह मामला केवल वर्ष 2023 तक सीमित नहीं था। जांच में कई वर्षों से इस तरह की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने का एक समान प्रतिरूप सामने आया।

सीसीपीए के अनुसार, वर्ष 2021 में सफल अभ्यर्थियों में से 86.36 प्रतिशत, वर्ष 2022 में 78.31 प्रतिशत, वर्ष 2023 में 97.56 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 71.69 प्रतिशत अभ्यर्थी केवल आईजीपी कार्यक्रम से जुड़े थे। हालांकि, किसी भी वर्ष यह जानकारी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर नहीं दी गई।




## आर्थिक गतिविधियों में आ सकती नरमी, पर वृद्धि दृष्टिकोण सतर्क रुख के साथ मजबूत: वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सामान्य से कम मानसून और आर्थिक गतिविधियों में नरमी के अनुमान के साथ आने वाले महीनों में कुल उपभोग मांग पर असर पड़ सकता है। कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य का दृष्टिकोण सतर्क रुख के साथ मजबूत बना हुआ है।***




वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह कहा। हालांकि, वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू बुनियाद मोटे तौर पर मजबूत बनी हुई हैं। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) में वृद्धि जारी है। श्रम बाजार स्थिर है और विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान कर रहा है।

साथ ही, मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से वैश्विक परिवेश काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसमें कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, सख्त वित्तीय स्थिति और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की गति नरम पड़ने जैसी चुनौतियां भारत के लिए ऐसी बाधाएं पेश कर रही हैं जिनसे देश पूरी तरह से खुद को बचा नहीं सकता।

पश्चिम एशिया संघर्ष पहले से ही वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर कमजोर सुधार के लिए एक बड़ा झटका बनकर उभरा है। इसके प्रभाव ऊर्जा बाजारों, आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार मार्गों और वैश्विक वित्तीय स्थितियों में तेजी से दिखाई दे रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा, परिवहन और लॉजिस्टिक की बढ़ती लागत ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति के दबाव को सामने ला दिया है और महंगाई को लेकर चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है।

इन दबावों के साथ, प्रमुख केंद्रीय बैंक पूर्व अनुमानों की तुलना में अधिक समय तक प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति का रूख अपनाए रख सकते हैं। इससे विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी बॉन्ड प्रतिफल कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते बाजारों में इसका प्रभाव असमान बना हुआ है। ऊर्जा आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाओं को मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट, पूंजी निकासी और उच्च आयात बिलों से बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जबकि वस्तु निर्यातकों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अप्रैल 2026 में अपनी वृद्धि गति को बनाए रखा। ई-वे बिल सृजन, पीएमआई सूचकांक और बिजली की खपत में वृद्धि हुई।

हालांकि, आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग सूचकांक और ईंधन खपत में नरमी इस बात का संकेत देती है कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियां धीरे-धीरे घरेलू गतिविधियों के कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव डाल रही हैं।

मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पर नजर रखने की जरूरत है।

खुदरा मुद्रास्फीति और थोक कीमतों के बीच मौजूदा अंतर इस बात का संकेत है कि लागत पर दबाव बढ़ रहा है और उपभोक्ताओं तक इसका असर जल्द ही दिखने लगेगा। अभी तक इसका प्रभाव सीमित है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हाल की वृद्धि से लागत का बोझ लोगों तथा अन्य क्षेत्रों पर पड़ सकता है। साथ ही ऊर्जा की कीमतों में और वृद्धि से मौजूदा राहत उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से कम हो सकती है।

मानसून के कमजोर रहने से ऊर्जा के साथ खाद्य कीमतों पर भी दबाव पड़ सकता है। हालांकि, नीतिगत प्रतिक्रियाओं को शुरू करने के लिए आंकड़ों में दूसरे दौर के प्रभावों और उनकी निरंतरता का स्पष्ट होना आवश्यक है।

रिपोर्ट के अनुसार होर्मुज जलडमरूमध्य में समस्या की अवधि भारत के बाहरी और मूल्य दृष्टिकोण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक बनी हुई है।

यदि स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाती है, तो मजबूत सेवा निर्यात और निरंतर निवेश प्रतिबद्धताओं के समर्थन से व्यापक आर्थिक पुनरूद्धार के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, ''मध्यम अवधि के वृद्धि लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, इस जटिल अनिश्चित स्थिति से निपटने के लिए मौद्रिक, राजकोषीय और संरचनात्मक आयामों में नीति को लचीला बनाए रखना होगा।

वित्त मंत्रालय के अनुसार कुल मिलाकर, मई 2026 में भारत की वृहद आर्थिक स्थिति सतर्क रुख के साथ मजबूती को दर्शाती है। मजबूत सेवा निर्यात, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और एक स्थिर श्रम बाजार ठोस आधार प्रदान करते हैं।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, रुपये की विनिमय दर में गिरावट, कच्चे तेल की उत्पादन लागत पर दबाव और सामान्य से कम मानसून की संभावना के कारण नीतिगत स्तर पर निरंतर सतर्क रुख की आवश्यकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बने रहने पर वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि की गति को बनाए रखने और मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए नीतियों के स्तर पर लचीलापन आवश्यक होगा।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# बहुआयामी कृषि मॉडल बना किसानों के लिए प्रेरणादायक लखनलाल उमरे के फार्म का कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण..

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के ग्राम पालडोंगरी के किसान लखनलाल उमरे क्षेत्र के अन्य किसानों के लिये प्रेरणादायक कार्य कर रहे है। बहुआयामी कृषि के माध्यम से प्रेरणादायक कृषि का संदेश दिया जा रहा है। ताकि किसान एक ही खेती पर आधारित ना रहे।***



बतादे कि कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से किसानों द्वारा अपनाई जा रही समन्वित कृषि प्रणालियों को प्रोत्साहित करने के लिए 30 मई 2026 को विकासखंड लांजी के ग्राम पालडोंगरी निवासी प्रगतिशील कृषक लखनलाल उमरे के कृषि फार्म का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी कृषि लांजी खुदीराम सनोडिया एवं क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती इंदु उइके द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने कृषक द्वारा अपनाए गए बहुआयामी कृषि मॉडल का विस्तार से अवलोकन किया। लखनलाल उमरे पारंपरिक खेती के साथ-साथ कृषि आधारित विभिन्न आयवर्धक गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। उनके द्वारा खेत में विभिन्न फसलों का उत्पादन किए जाने के साथ मत्स्य पालन, पशुपालन तथा आम की विभिन्न उन्नत एवं व्यावसायिक किस्मों का बागवानी स्वरूप में रोपण किया गया है। कृषि के विविध क्षेत्रों को एकीकृत कर उन्होंने अपनी कृषि को आत्मनिर्भर एवं लाभकारी बनाया है।

## किसान एक साथ अनेकों कृषि कर सकते है-

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मत्स्य पालन इकाई का अवलोकन करते हुए इसकी उत्पादन क्षमता एवं आय की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

साथ ही आम के विभिन्न पौधों की प्रजातियों, उनके रखरखाव एवं भविष्य में मिलने वाले आर्थिक लाभों पर चर्चा की गई। पशुपालन गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों ने बताया कि कृषि के साथ पशुपालन को जोडने़ से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है तथा जैविक खेती को भी बढ़ावा मिलता है। अनुविभागीय अधिकारी कृषि खुदीराम सनोडिया ने कहा कि वर्तमान समय में केवल एक फसल पर निर्भर रहने के बजाय कृषि के साथ मत्स्य पालन, बागवानी एवं पशुपालन जैसी गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय को कई गुना बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्री लखनलाल उमरे का कृषि मॉडल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है तथा इससे यह स्पष्ट होता है कि समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर सीमित संसाधनों में भी बेहतर आर्थिक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

## कृषक को दी गई विभागीय योजनाओं की जानकारी, होगा लाभ..

क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती इंदु उइके ने कृषक को विभागीय योजनाओं, उन्नत कृषि तकनीकों एवं प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर आधुनिक एवं बहुआयामी कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कृषक द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन एवं पशुपालन का समन्वय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे मॉडल को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देकर किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाया जा सकता है। कृषि विभाग द्वारा जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, समन्वित कृषि प्रणाली एवं आयवर्धक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार भ्रमण, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। किसान शासन के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर बहुआयमी कृषि को बढावा देवे।

# अनूपपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 6 की मौत, 40 लोग घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस हादसे में करीब 40 लोग घायल बताए जा रहे हैं।***




जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्राली पर करीब 50 लोग सवार थे और ये सभी लोग पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे पर सीएम मोहन यादव ने दुख व्यक्त किया है।

## पूजा करने जा रहे थे लोग..

पुलिस बताया कि यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से छह लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में 40 लोग घायल भी हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार शाम को करणपत्थर पुलिस स्टेशन के बीजाउरा गांव के पास हुई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग 50 लोग सवार थे। अचानक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित पद्मनिया से बीजाउरा गांव में पूजा के लिए जा रहे थे।

## हादसे में छह लोगों की मौत..

अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद घायलों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने आगे बताया कि घायलों का इलाज उमरिया जिले के पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

## सीएम ने हादसे पर जताया दुख..

वहीं इस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को गहरा दुख व्यक्त किया। सीएम मोहन यादव ने कहा, 'अनूपपुर जिले में पुष्पराजगढ़ के बिजौरा गांव में श्रद्धालुओं को लेकर मंदिर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से हुई सड़क दुर्घटना में लोगों के असामयिक निधन एवं घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को ₹4-4 लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं एवं घायलों का उपचार जारी है। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों को शांति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।'

# अफगानिस्तान में हादसा, पाकिस्तान से लौटते समय ट्रक पलटने से 18 शरणार्थियों की मौत; 35 घायल..



डेस्क जगप्रेरणा।

इस वक्त की बड़ी खबर अफगानिस्तान से सामने आ रही है। यहां एक ट्रक पलटने से शरणार्थियों की मौत हो गई है। ये सभी लोग पाकिस्तान से वापस आ रहे थे। इस हादसे में 35 लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद से मौके पर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तान के द्वारा शरणार्थियों को देश छोड़ने पर मजबूर किया जा रहा है, जिसके बाद से ये सभी लोग वापस अफगानिस्तान लौट रहे थे।

## पाकिस्तान से लौट रहे थे शरणार्थी..

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को पूर्वी अफगानिस्तान के एक राजमार्ग पर यह हादसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पड़ोसी देश पाकिस्तान से लौट रहे अफगान शरणार्थियों को ले जा रहा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। इसमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे।

## मृतकों में 10 बच्चे और 5 महिलाएं

प्रांतीय राज्यपाल के प्रवक्ता अब्दुल मलिक नियाजई ने बताया कि यह हादसा लघमान प्रांत में काबुल को नंगरहार प्रांत से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों में 10 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल हैं और घायलों को नंगरहार के अस्पतालों में इलाज के लिए ले जाया गया है। वहीं तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## पाकिस्तान से भेजे जा रहे शरणार्थी..

जानकारी के मुताबिक ये यात्री उन हजारों अफ्गानियों में शामिल थे जो हाल ही में पाकिस्तान से लौटे थे। पाकिस्तान ने 2023 में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई शुरू की थी और तब से कई लोगों को निर्वासित कर दिया है या उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर किया है। इसी समय के आसपास ईरान ने भी अफगान प्रवासियों को निष्कासित करने की प्रक्रिया तेज कर दी थी। तब से, लाखों अफगान दोनों देशों से अपने घर लौट चुके हैं, जिनमें कई ऐसे लोग भी शामिल हैं जिनका जन्म पाकिस्तान में हुआ था और जिन्होंने वहां दशकों तक रहकर काम किया था।

# 6 गाड़ियों में टक्कर मारने के बाद खाई में गिरी बस, 5 की मौत, 34 घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***अमेरिका के वर्जीनिया में इंटरस्टेट 95 पर एक हादसा हो गया। यहां एक निर्माण क्षेत्र के कारण धीमी गति से चल रहे वाहनों से एक बस टकरा गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल बताए जा रहे हैं।***



ये हादसा स्टैफोर्ड काउंटी में क्वांटिको के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक मरने वाले सभी पांच लोग उन वाहनों में थे, जिन्हें बस ने टक्कर मारी थी। हादसे के बाद 44 लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है।

## छह वाहनों में मारी टक्कर..

पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि निर्माण क्षेत्र के कारण दक्षिण की ओर जाने वाले वाहनों की गति धीमी हो रही थी। एक बस यातायात के लिए गति धीमी करने में विफल रही और छह वाहनों से टकरा गई।' पुलिस ने बताया कि बस में 'लगभग' 34 यात्री सवार थे।

घटनास्थल पर मौजूद संघीय परिवहन प्रशासन के प्रवक्ता पेटन वोगेल ने कहा, 'हमारे मरीज कई अस्पतालों में भर्ती हैं। चालक भी यहीं एक अस्पताल में भर्ती है। मुझे कहना होगा, यह सबसे दुखद घटनाओं में से एक है जो मैंने कभी देखी है। बेहद दुखद।'

## पांच लोगों की मौत..

घटना के बाद एक कार में आग लग गई, जिसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान 45 वर्षीय पुरुष, 44 वर्षीय महिला, 13 वर्षीय लड़की और 7 वर्षीय लड़के के रूप में की गई है, ये सभी लोग मैसाचुसेट्स के ग्रीनफील्ड के रहने वाले थे। हालांकि पुलिस ने मृतकों के नाम नहीं जारी किए हैं। इसके अलावा पांचवीं मृतक मैसाचुसेट्स के वॉर्सेस्टर की एक अज्ञात 25 वर्षीय महिला थी, जिसे बस ने टक्कर मार दी थी।

## बस चालक की हुई पहचान..

पुलिस ने बस चालक की पहचान न्यूयॉर्क के स्टेटन आइलैंड निवासी 48 वर्षीय जिंग एस डोंग के रूप में की है। अधिकारियों ने बताया कि उन पर आरोप अभी लंबित हैं। परिवहन सचिव शॉन डफी ने बताया कि डोंग मूल रूप से चीन के अमेरिकी नागरिक थे और उन्होंने दो साल पहले न्यूयॉर्क में अपना वाणिज्यिक चालक लाइसेंस प्राप्त किया था।

# भुवनेश्वर में 'हिट एंड रन' प्रतीत हो रहा मामला जांच में प्रेम त्रिकोण में हत्या का निकला...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 24 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्र की मौत का मामला, जो शुरुआत में 'हिट-एंड-रन' दुर्घटना प्रतीत हो रहा था, जांच में प्रेम त्रिकोण से जुड़ी कथित सुनियोजित हत्या का निकला।***



पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बारेन्य राउतराय के रूप में हुई है। शुक्रवार देर रात चंद्रशेखरपुर थाना क्षेत्र स्थित आचार्य हरिहर कॉलेज चौक के पास एक एसयूवी ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गई।

राउतराय के साथ यात्रा कर रहे उनके दो मित्र गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शुरुआत में मामला सड़क दुर्घटना के रूप में दर्ज किया गया था लेकिन बाद की जांच में पता चला कि टक्कर जानबूझकर मारी गई थी और इसके पीछे व्यक्तिगत रंजिश थी।

जांचकर्ताओं के अनुसार, राउतराय एक युवती के साथ संबंध में थे, जिसका पहले मुख्य आरोपी सूरज बिस्वकर्मा (23) के साथ संबंध रहा था। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को दोनों के बीच कथित विवाद भी हुआ था, हालांकि बाद में उन्होंने मामले को सुलझा लिया था। पुलिस का आरोप है कि समझौते के बावजूद बिस्वकर्मा और उसके सहयोगियों ने राउतराय तथा उनके दोस्तों का पीछा किया। पुलिस ने कहा, 'करीब दो बजे बिस्वकर्मा की एसयूवी ने जानबूझकर मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। राउतराय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।' पुलिस ने बताया कि बिस्वकर्मा और कथित रूप से वारदात में इस्तेमाल वाहन के मालिक समेत सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जगमोहन मीना ने कहा, 'प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि यह घटना प्रेम त्रिकोण से जुड़ी पुरानी रंजिश के कारण की गई सुनियोजित हत्या थी।' उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# किरनापुर में तेज आंधी-तूफान का कहर
# कई इलाकों में गिरे पेड़, बिजली आपूर्ति ठप्प..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***किरनापुर सहित आस-पास के इलाकों में आज मौसम ने अचानक करवट बदली। तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ हुई अचानक बारिश ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया।***



इस प्राकृतिक आपदा के कारण मुख्य मार्गों और रिहायशी इलाकों में नुकसान की खबर है।

## उखड़े पेड़, यातायात बाधित..

तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि शहर के विभिन्न हिस्सों में कई पुराने पेड़ जड़ से उखड़ गए। पेड़ गिरने की वजह से आवाजाही में परेशानी हो गई। किरनापुर के कई स्थानों पर पेड़ और भारी टहनियां गिरने से बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई।

विभाग की टीमें मुस्तैद हैं, सड़कों से पेड़ों को हटाने में जुटी हैं। तेज हवाओं के कारण पेड़ और उनकी भारी शाखाएं बिजली के तारो पर जा गिरे सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन ने कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। किरनापुर में बिजली गुल होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा ।

## मौसम विभाग की चेतावनी..

मौसम विभाग के अनुसार, अचानक आए इस बदलाव का कारण स्थानीय स्तर पर बने कम दबाव के क्षेत्र और तेज हवाओं का संयोजन है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें।

# दक्षिणी दिल्ली में पांच मंजिला इमारत गिरी, कई लोगों के दबे होने की आशंका..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दक्षिण दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के पास शनिवार शाम को पांच मंजिला एक इमारत गिरने से कई लोगों के मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***



घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार, पूरी बहुमंजिला इमारत ढह गई और मलबे के विशाल ढेर में तब्दील हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इमारत के भूतल पर एक कोचिंग संस्थान था और ऊपरी मंजिलों पर निर्माण कार्य चल रहा था। आशंका है कि फंसे हुए लोग छात्र हो सकते हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को शाम 7.44 बजे इमारत गिरने की सूचना मिली। यह घटना सैदुलाजाब में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास वेस्टर्न मार्ग पर हुई। दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। घटनास्थल से प्राप्त तस्वीरों में इमारत कंक्रीट, मुड़ी हुई धातु और टूटे हुए खंभों के ढेर में तब्दील हो चुकी थी, और मलबा पूरे क्षेत्र में बिखरा हुआ था।

स्थानीय निवासी और पड़ोसी टॉर्च और मोबाइल फोन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे, ताकि नुकसान की सीमा का पता लगाया जा सके और यह जांचा जा सके कि कहीं कोई मलबे के नीचे फंसा तो नहीं है।

दमकल कर्मियों और पुलिस टीमों द्वारा खोज और बचाव अभियान शुरू किए जाने के बाद, चिंतित स्थानीय लोगों को मलबे में खोजबीन करते देखा गया। संकरी गली और घनी आबादी वाले इलाके में अफरा-तफरी का मंजर देखने को मिला। स्थानीय निवासी बचाव वाहनों और कर्मियों के लिए रास्ता खाली करने की कोशिश कर रहे थे। कई लोगों ने खोजबीन में मदद के लिए मोबाइल फोन की लाइट का इस्तेमाल किया। आस-पास की इमारतों को तत्काल कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। अधिकारियों ने अभी तक फंसे हुए लोगों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। बचाव अभियान जारी है।











दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171


# दिवंगत ट्रस्टियों को पार्षद संजू दरवड़े की अनोखी श्रद्धांजलि, देवरी में इस पहल की जमकर तारीफ..




जगप्रेरणा देवरी।

*अपने व्यक्तिगत दुख में डूबे न रहकर दूसरों के लिए जीने की मिसाल पेश करते हुए, देवरी नगर पंचायत के पार्षद संजू दरवड़े ने एक सराहनीय पहल की है।*

शहर के सार्वजनिक विठ्ठल रखुमाई मंदिर के दो प्रमुख ट्रस्टियों (विश्वस्तों) और एक निःसंतान महिला की स्मृति में उन्होंने आगामी 2 जून को ग्रामीणों के लिए एक विशेष भोज का आयोजन किया है। इस पहल की पूरे देवरी में सराहना की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवरी के प्रतिष्ठित नागरिक और सार्वजनिक विठ्ठल रखुमाई मंदिर के ट्रस्टी, क्रमशः छेदीलाल जी शाहू (निधन 14/05/2024) और तानबाजी निर्वाण (निधन 18/05/2024) का हाल ही में निधन हो गया। इसके साथ ही, शहर की धुरपताबाई मानकर (निधन 19/05/2024) का भी कुछ दिनों पहले निधन हो गया था। धुरपताबाई का कोई वारिस नहीं था। मंदिर की स्थापना के समय से ही निष्ठापूर्वक सेवा देने वाले ट्रस्टियों और एक असहाय महिला के निधन से पूरे देवरी में शोक की लहर है। इन तीनों दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि देने और उनकी स्मृति को नमन करने के लिए पार्षद संजू दरवड़े ने पहल की। उन्होंने अपनी ओर से इन तीनों की याद में उनके रिश्तेदारों और आम नागरिकों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया है।

## मनुष्य दूसरों के लिए जिए, इसका मिला जीवंत उदाहरण..

पार्षद संजू दरवड़े द्वारा निःसंतान महिला के निधन के बाद 'वह हमारे ही गांव की थीं' इस भावना के साथ उनके लिए भोजन दान करने का लिया गया निर्णय विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

साथ ही, मंदिर की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले ट्रस्टियों को दी गई यह श्रद्धांजलि वास्तव में ग्रामीणों को प्रेरणा देने वाली साबित हुई है।

'अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन दूसरों के लिए जीना ही असली जिंदगी है,' इस विचार को उन्होंने इस पहल के माध्यम से लोगों के सामने रखा है। उनकी इस निस्वार्थ भावना की पूरे देवरी शहर में सराहना की जा रही है।

## कार्यक्रम की जानकारी :

दिनांकः 2 जून 2024, मंगलवार, स्थानः विठ्ठल रखुमाई मंदिर परिसर, समयः दोपहर 3:00 बजे से रात 9:00 बजे तक। पार्षद संजू दरवड़े ने ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर महाप्रसाद का लाभ उठाने की अपील की है।

# कुदरत का बेजोड़ शिल्पकारः बया पक्षी

# इंजीनियरिंग का कमालः पेड़ों पर लटकने लगे बया पक्षी के अद्भुत घरौंदे..

## संकट में बया का आशियाना: घटते जा रहे हैं तिनके-तिनके से बने यह खूबसूरत घरौंदे..

गणेश भदाडे जगप्रेरणा आमगांव।

*मौसम में बदलाव और मानसून की दस्तक के साथ ही प्रकृति के सबसे बेहतरीन इंजीनियर यानी 'बया पक्षी' (Baya Weaver) के खूबसूरत घरौंदे पेड़ों पर दिखाई देने लगे हैं।*



तिनके-तिनके को जोड़कर बनाया जाने वाला यह घोंसला इंसानों को भी वास्तुकला **(Architecture)** का बेहतरीन पाठ पढ़ाता है। स्थानीय [इलाके का नाम/जैसेः ग्रामीण क्षेत्रों या पार्कों] में बबूल और ताड़ के पेड़ों पर लटकते ये घोंसले इन दिनों राहगीरों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

## बिना उंगली के बुनते हैं आलीशान घर..

पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार, बया पक्षी मुख्य रूप से घास के गीले तिनकों, धान के पत्तों और सलाई से इस घोंसले को बुनता है। नर बया अपनी चोंच की मदद से इतनी मजबूती से बुनाई करता है कि तेज आंधी और बारिश में भी यह घोंसला पेड़ से नहीं गिरता। इस घोंसले का आकार उल्टी रखी सुराही या लालटेन जैसा होता है, जिसमें नीचे की तरफ से प्रवेश द्वार होता है ताकि कोई शिकारी अंदर न घुस सके।

## मादा पक्षी करती है घर का चयन..

इस प्रजाति में घोंसला बनाने का काम केवल नर बया करता है। वह आधा घोंसला बनाने के बाद मादा बया को आकर्षित करने के लिए आवाज लगाता है। मादा बया आकर घोंसले का निरीक्षण करती है। अगर उसे घर पसंद आता है, तभी वह नर को अपना जीवनसाथी चुनती है, जिसके बाद दोनों मिलकर घोंसले को पूरा करते हैं।



## आधुनिकता की मार, घट रहे हैं आशियाने- जयपाल ठाकुर..

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि लगातार कटते बबूल, खजूर और ताड़ के पेड़ तथा खेतों में कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण अब बया पक्षी संकट में हैं। उन्हें घोंसला बनाने के लिए न तो सुरक्षित पेड़ मिल रहे हैं और न ही जरूरी घास-फूस। यदि समय रहते इन पारंपरिक पेड़ों को नहीं बचाया गया, तो कुदरत का यह अनोखा शिल्प केवल किताबों और तस्वीरों में ही सिमट कर रह जाएगा।

बया (सुगरण) पक्षी का घोंसला प्रकृति की अदभुत कला का उदाहरण माना जाता है। यह घोंसला बोतल के आकार का होता है और पेड़ों की पतली शाखाओं पर लटकता रहता है। घोंसला बनाने में बया पक्षी कई दिनों तक मेहनत करता है! नर बया पक्षी घोंसला बनाकर मादा को आकर्षित करता है और घास के तिनकों को बुनकर मजबूत संरचना तैयार करता है।

घोंसले का प्रवेश द्वार नीचे की ओर होता है, जिससे बारिश और दुश्मनों से सुरक्षा मिलती है।अक्सर बया अपने घोंसले तालाब या नदी के पास वाले पेड़ों पर बनाती है, ताकि भोजन और पानी आसानी से मिल सके।

# गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

## मटन की सब्जी के लिये बेटे ने बाप से की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 28/5/2026 के 11 बजे के दरम्यान सड़क अर्जुनी मे फर्यादी रहिम अब्दुल करीम शेख उम्र 65 वर्ष निवासी सड़क अर्जुनी का बेटा घर मे शराब पिकर आया और कहने लगा मुझे मटन की सब्जी बना कर दो। फर्यादी ने कहा घर में मटन बना है तु खा ले अभी सब का खाना हो गया है कल तुझे सब्जी बना देंगे तो आरोपी बेटे ने मिठ्ठु पालने का पिंजरा उठाया और फर्यादी को सरपर मारकर जख्मी किया बेटा शराब के नशे मे रोजाना परिवार और आस पड़ोस के लोगो को परेशान करता है और गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 261/2026 धारा 118,1, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा खोटेले 1408 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

## एल आय सी कार्यालय के पिछे मृत अवस्था मे मिली लाश मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के देवरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/ 5/ 2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान फर्यादी दिशांत सुरेश चन्ने उम्र 27 वर्ष निवासी देवरी अपने एल आय सी कार्यालय खोलकर बाथरूम करने पिछे गया तो गली मे कामराज तुळसीराम राऊत उम्र 65 वर्ष निवासी साकोली यह मृत अवस्था मे मिलने से फर्यादी के बयान और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे देवरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 19/2026 धारा 194, भानासुस के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोना चंदनबटवे 1695 पोस्टे देवरी कर रहे है।

## जंगल मे सब्जी तोड़ने गये युवक को दिखा कंकाल मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/ 5/ 2026 के दोपहर 12 बजे फर्यादी फिरोज अल्ताफपठान उम्र 30 वर्ष निवासी तावसी को गाव के हरिचंद अत्वारी बघवा ने बताया की वह जंगल सब्जी तोडने गया था तो उसे एक कंकाल दिखा उसके बाद फर्यादी पुलिस पाटील पंकज कापगते और हरिचंद्र ने जाकर जंगल मे देखे तो मानवी कंकाल होने से इसकी जानकारी मोरगाव अर्जुनी पुलिस को दि गई पुलिस फोरेंसिक टिम और डाक्टर के साथ वहा पहुंचकर दो पंचो के समक्ष जप्त कर फर्यादी के बयान पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अकस्मात मौत क्रमांक 29/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच सपोनी घनश्याम तांबे पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## बकरी भगाने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/5/2026 के 10 बजे के दरम्यान चांदोरी मे फर्यादी और आरोपी रिश्तेदार होकर घटना के समय फर्यादी अपनी बकरी चराने ले जा रही थी। उनके खेत मे आरोपी की बकरी भी घुसी और नुकसान कर रही थी फर्यादी ने बकरी को पकड़ा और कांजीहाऊस मे ले जा रही थी तभी आरोपी ने रोककर कहा तेरे बाप की बकरी है क्या और लकडी से सर हाथ पैर पर मारकर जख्मी किया और गालीगलौच करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 571/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा नामुर्ते 1194 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

# तक्षशिला बुद्ध विहार में बुद्ध जयंती, छत्रपति शाहूजी महाराज पुण्यतिथि एवं माता रमाई स्मृति दिवस का आयोजन..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*तक्षशिला बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध जयंती, आरक्षण के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज की पुण्यतिथि तथा त्यागमूर्ति माता रमाई* के स्मृति दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयु. राजेश्वरी दहीवले ने की, जबकि उद्घाटन आयु. राजलक्ष्मी तुरकर के हाथों संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में आयु. चंद्रकुमार रामटेके, ऐड. नरेश शेंडे, नगर परिषद महिला एवं बाल कल्याण सभापति डॉ. कुमुद मेश्राम, तथा डॉ. अनिल पारधी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में आयुष्मान अरविंद ऊके एवं प्राध्यापक लेकानंद राऊत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवान बुद्ध, छत्रपति शाहूजी महाराज तथा माता रमाई के जीवन एवं समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित पुस्तकों का दान आयु. राजेश्री दहीवले द्वारा तथा माता रमाई के जीवन पर आधारित पुस्तकों का दान आयु. दीपाली नंदगावे द्वारा किया गया। सभी पुस्तकें तक्षशिला बुद्ध विहार समिति को सुपुर्द की गईं तथा उपस्थित उपासकों एवं उपासिकाओं को अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण पुस्तकें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने सहभागिता कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन रमेश नांदगावे ने किया तथा आभार प्रदर्शन संजय जांभुळकर ने किया। अंत में सभी उपस्थितजनों को अल्पाहार वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# धान खरीदी प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करें..





जगप्रेरणा आमगांव।

*गोंदिया जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अन्न व नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को विधायक संजय पुराम द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया।*

इस ज्ञापन में रबी सीजन में धान का उत्पादन बड़े पैमाने पर होने के कारण धान खरीदी प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों को दूर करने की मांग की गई। इस ज्ञापन में विशेष रूप से धान खरीदी सोसायटियों और संस्थाओं के लिए निर्धारित खरीदी लक्ष्य (कोटा) की सीमा बढ़ाने की मांग की गई, ताकि अधिक मात्रा में धान की खरीदी सुचारु रुप से की जा सके. साथ ही किसानों के लंबित भुगतान (चुकारे) जल्द से जल्द जारी करने की भी अपील की गई. विधायक ने बताया कि देरी के कारण किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा धान और मिलिंग किए गए चावल के भंडारण के लिए गोदामों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया। उन्होंने बताया कि पर्याप्त भंडारण क्षमता न होने के कारण धान की उठाव प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए जिले में लगभग 33,000 मीट्रिक टन अतिरिक्त गोदाम क्षमता बढ़ाने और नए गोदामों के निर्माण की अनुमति देने की मांग की गई, साथ ही इसके लिए अनुदान स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया. मंत्री छगन भुजबल ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वासन दिया कि किसानों की सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उनके इस आश्वासन से जिले के किसानों में राहत और संतोष का माहौल देखा जा रहा है।

## निधन समाचार..



**मोहम्मद इस्माईल आस्वी रिटायर्ड रेवन्यू इंस्पेक्टर (तुकड़ोजी चौक, आमगांव) का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज, शनिवार 30 मई 2026 को दोपहर 3:00 बजे उनके निवास स्थान, तुकड़ोजी चौक, आमगांव से निकली गई एवं स्थानीय मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार किया गया उनके पिछे भरपुरा परिवार है।**

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



जलक्रीड़ा : चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए पानी के कुंड में 'स्केली-ब्रेस्टेड मुनिया' पक्षी बढ़ते तापमान के बीच पानी में डुबकी लगाकर पानी में छपाक-छई करते खुद को तरोताजा करते नन्हे मुनिया पक्षियों का झुंड।
छाया- गणेश भदाडे

# महान संतों की परंपरा के तेजस्वी नक्षत्र हैं संत जगनाडे महाराज- प्राचार्य डी. आर. गिरीपुंजे..

## वडेगांव में संत जगनाडे महाराज की भव्य प्रतिमा निर्माण का भूमि पूजन संपन्न..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*महाराष्ट्र संतों की भूमि रही है। संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव, संत रामदास और संत तुकाराम जैसे महान संतों की* गौरवशाली परंपरा में संत संताजी जगनाडे महाराज एक तेजस्वी नक्षत्र के समान हैं। यह विचार प्रांतिक तेली समाज के गोंदिया जिला कार्याध्यक्ष एवं प्राचार्य डी. आर. गिरीपुंजे ने व्यक्त किए।

जय संताजी विचार मंच वडेगांव के तत्वावधान में संत जगनाडे महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम वडेगांव बस स्टैंड के समीप आयोजित किया गया। भूमि पूजन पंचायत समिति सभापति तेजराम चव्हाण के हस्ते संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य तूमेश्वरी बघेले ने की तथा आयोजन सरपंच शामराव बिसेन के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जय संताजी विचार मंच के अध्यक्ष नीलकंठ भेलावे, उपसरपंच डीलेश्वरी गौतम, ग्राम पंचायत सदस्य बालकृष्ण सोनेवाने, राजकुमार पटले, श्रीकांता सोनेवाने, सिंधू बावनकर, रंजू अंबुले, मीनाक्षी जगणे, मोनीस सतीसेवक, मुख्याध्यापक लीलाधर बघेले, राजेश कावळे, लीलाधर बिसेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में पंचायत समिति सभापति तेजराम चव्हाण, जिला परिषद सदस्य तूमेश्वरी बघेले, सरपंच शामराव बिसेन तथा अन्य वक्ताओं ने संत जगनाडे महाराज के जीवन एवं उनके सामाजिक, आध्यात्मिक तथा मानवतावादी विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत जगनाडे महाराज के विचार आज के वैज्ञानिक युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की प्रस्तावना नीलकंठ भेलावे ने रखी। संचालन मंगेश भेलावे ने तथा आभार प्रदर्शन अक्षय भेलावे ने किया।

कार्यक्रम की सफलता के लिए जगदीश बावनकर, मधुकर भेलावे, तुकाराम बावनकर, राजू आखरे, रवी भेलावे, योगेश कावळे, सचिन लांजेवार, तुषार बावनकर, सुनील साठवणे, सुशील भेलावे, सोनू खोब्रागड़े, विनोद भेलावे, पिंटू कावळे, प्रमोद बावनकर, राहुल कावळे, मोरेश्वर बावनकर, नथू भेलावे, लोकराम भेलावे, दिगंबर भेलावे, केशवराव भेलावे, भाऊराव साठवणे, हरिकिशन भेलावे, देवराम साठवणे, मयाराम बावनकर, प्रकाश खोब्रागड़े, आकाश बावनकर, श्रीकांत कावळे, श्रीराम कावळे, अरविंद कावळे, अनिल साठवणे, भूषण भेलावे, विवेक भेलावे, हिमांशू लांजेवार, रविशंकर तिबुड़े, राम भेलावे सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


## आग उगलती गर्मी में नौतपा के बीच आंधी तूफान के साथ बारिश का हुआ आगमन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***इस वर्ष 2026 में मार्च के महीने से ही गर्मी की सामान्य शुरुआत हो गई थी, तथा गोंदिया जिले में अप्रैल और मई के पुरे महीने में लोगों ने भीषण गर्मी का सामना किया। भीषण गर्मी के प्रकोप के जैसी स्थिति विशेषकर***

पूरे मई महीने में नजर आई, तथा तापमान 40 डिग्री से 46 और 47 तक पहुंचने की स्थितियां भी बनी। 25 मई को नौतपा की शुरुआत हुई तो भी भीषण गर्मी कुछ ऐसी रही कि शाम 6 बजे तक सूर्य के प्रस्थान के बावजूद भी रात 9 - 10 और 11 - 12 बजे तक भी यहां यूं भी कहा जा सकता है कि पूरी रात भी लोगों ने भीषण गर्मी का सामना किया। गर्मी भी ऐसी पड़ी कि जिसके कारण ए.सी., पंखा, कुलर आदि भी असरहीन होते दिखाई दिये। भीषण गर्मी में सूर्य की तेज लपटों को सहन करते लोगों को आज 30 मई को थोड़ी सी राहत गोंदिया में शाम 5 बजे के बाद मिलना शुरु हुई, कि जब अचानक थोड़ा सा मौसम बदला। सूर्य प्रस्थान की ओर बढ़ चला था तो वहीं तेज धूप को भी मानो आंधी अपने साथ ले गई, कुछ देर के लिये अन्य शहरों की तरह गोंदिया शहर और जिले में भी बहुत थोड़ी सी बारिश हुई, जिससे कि लोगों की मौसम की गरमाहट से कुछ राहत अवश्य मिलेगी।

### रोज बदलेगा मौसम.. राजन चौबे

गोंदिया जिले के आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे ने जगप्रेरणा को बताया कि गोंदिया जिले में आंधी तूफान के साथ कुछ देर के लिये हल्की फुल्की बारिश हुई, तथा मौसम का इस तरह का मिजाज अभी तीन चार दिन और देखने को मिल सकता है। श्री चौबे ने यह भी बताया कि तेज आंधी और तूफान के कारण अनेक स्थानों पर पेड़ गिरने और छुट पुट नुकसान की जानकारियां सामने आई है, परंतु कोई बड़े घटनाक्रम नहीं हुए हैं। प्रशासन मौसम के अनुरुप नजरे लगाए हुए है।

## गोंदिया के फुलचुर में जगदम्बा जुट इंडस्ट्रीज के बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग..

### लगभग 2 करोड़ का बारदाना जलकर हुआ खाक..

### रात 9 बजे लगभग लगी आग को 45 दमकल वाहन भी दूसरे दिन रात नही कर पाए काबू मे..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुनिल लूनकरण अग्रवाल की फर्म जगदंबा जूट इंडस्ट्रीज का बड़ा बारदाना गोदाम जो कि गोंदिया शहर के फुलचुर में एश्वर्या बार के समीप एवं सांईबाबा कांटे के पास की***

गली में स्थित है, में 29 मई की रात में अचानक आग लग गई, जिसके कारण गोदाम में रखा बारदाना पूरी तरह से जलकर राख हो गया, तथा इस भीषण अग्नि दुर्घटना में जगदम्बा जूट इंडिस्ट्रीज को लगभग 2 करोड़ से अधिक का नुकसान हो गया, ऐसा अनुमान बताया जा रहा है, जबकि वहीं 29 मई की रात में लगी आग पर 30 मई की शाम 7 बजे तक भी नियंत्रण नहीं पाया जा सका था। भीषण अग्नि दुर्घटना के उपरांत जगदम्बा जूट इंडस्ट्रीज के संचालक सुनिल लुनकरण अग्रवाल से चर्चा किये जाने पर उन्होंने बताया कि मुझे रात 9.50 बजे लगभग फोन पर गोदाम में आग लगने की सूचना मिली, जिस पर मैं तीव्रता से गोदाम पहुंचा, तथा फायर बिग्रेड आदि को भी सूचना दी गई। श्री अग्रवाल ने बताया कि रात से लेकर दूसरे दिन आज 30 मई को शाम 7 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका, जबकि लगभग 45 से 50 फायर ब्रिगेड वाहन अपनी ताकत पानी की बौछारों के साथ झोंक चुके हैं। श्री अग्रवाल ने लगभग 2 करोड़ का नुकसान होने की आशंका व्यक्त की।

### मालूम नही आग कैसे लगी..

**जगदम्बा जूट इंडस्ट्रीज के संचालक सुनिल अग्रवाल से पूछे जाने पर उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की कि आग कैसे लगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि वे 29 मई को शाम 7 बजे गोदाम से वापस घर आए और रात में 9.50 बजे आग लगने की जानकारी मिली। आग किन कारणों से लगी यह तो सीसीटीवी कैमरे या फिर अन्य किसी माध्यम या जांच में पता चलेगा ऐसा भी श्री अग्रवाल ने कहा।**

## वरिष्ठ समाजसेवी गौभक्त रमाकांत अग्रवाल बने श्रीकृष्ण सभा गौशाला ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष..

### पूर्व अध्यक्ष अजय अग्रवाल का भी किया गया सत्कार..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***अनेक सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाले तथा माता वैष्णोदेवी यात्रा कराकर दर्शन लाभ कराने वाले गोंदिया के मारवाड़ी युवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष तथा***

ब्रम्हवाड़ी मंदिर ट्रस्ट चांदनी चौक दुर्गा मंदिर एवं श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत कमलकिशोर अग्रवाल को आगामी 4 वर्ष के लिये श्रीकृष्ण गोरक्षण सभा ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष के रुप में दिनांक 28 मई को कार्यकारिणी, ट्रस्ट बोर्ड एवं विशेष आमंत्रित सभा में मनोनयन किया गया। इसके पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष अजय हरिचंद अग्रवाल ने अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर संस्था के अपने पद से त्यागपत्र देकर नये अध्यक्ष के मनोनयन संबंधी पत्र जारी कर बैठक आमंत्रित की थी, जिसके उपरांत संपन्न सभा में निवर्तमान अध्यक्ष अजय जी अग्रवाल एवं संस्था अध्यक्ष शंकरलाल जी अग्रवाल, सचिव राजेश व्यास, गोपुरी प्रमुख श्री सीताराम जी अग्रवाल, राम अग्रवाल, अजीत सिंग, दिनेश जयपुरिया एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में निवर्तमान अध्यक्ष अग्रवाल का शॉल श्रीफल से सत्कार किया गया एवं नये मनोनित अध्यक्ष रमाकांत अग्रवाल को निवर्तमान अध्यक्ष अजय अग्रवाल द्वारा पुष्पमाला पहनाकर नये अध्यक्ष का चार्ज भी दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया, तथा नये ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष रमाकांत अग्रवाल को शुभकामनाएं भी दी गई।

सभी उपस्थितों के बीच रमाकांत अग्रवाल ने नई जिम्मेदारी के लिये आभार व्यक्त किया, तथा यथायोग्य श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के माध्यम से गौ माताओं की सेवा के लिये प्रतिबद्धता जाहिर की।

## गोंदिया शहर में बिजली आपूर्ति की सभी बाधाओ को दूर कर नियमित विद्युत आपूर्ति की जाए..

### जागृति विकास मंच ने सौपा बिजली वितरण विभाग को ज्ञापन



जगप्रेरणा गोंदिया।

***एक तरफ पुरे देश में बिजली उत्पादक होने के बावजूद भी महाराष्ट्र में बिजली सबसे महंगी दी जा रही है, वहीं महंगी बिजली के बावजूद भी निरंतर कटौती की जा रही है, जिससे कि संपूर्ण गोंदिया जिले के आम नागरिकों, व्यापारियों, उद्योग कारखानों संहित सभी में***

नाराजगी व्यापत है। बिजली की ऐसी समस्याओं को लेकर आज गोंदिया के जागृति विकास मंच ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत मंडल को ज्ञापन सौंप कर विद्युत आपूर्ति संबंधी सभी बाधाओं को दूर करने की मांग करते हुए निरंतर बिजली प्रदान करने की मांग की। इस संबंध में जागृति विकास मंच के अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि विदर्भ में भीषण गर्मी के चलते शहर का तापमान भी क़रीब 46 तक पहुँच गया है। अनियमित बिजली की आपूर्ति के कारण दैनिक जीवन में कई परेशानियां रोजाना हो रही है। पंखे-कूलर बंद होने से घुटन और गर्मी, फ्रिज में रखे सामान का खराब होना, पानी की मोटर न चलने से पानी की किल्लत, और बच्चों की पढ़ाई व ऑफिस के काम में रुकावट जैसी प्रमुख समस्याएं नियमित रूप से सामने आती है, जिसके चलते व्यापारी वर्ग से लेकर सामान्य नागरिक को भी ऐसे अनेक समस्याओं से रोज सामना करना पड़ रहा है।

### बोले पंडित सुरेन्द्र शर्मा..

पंडित सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य विद्युत कंपनी द्वारा महाराष्ट्र में बिजली की दरे पूरे देश में सबसे अधिक है, जबकि बिजली का सर्वाधिक उत्पादन महाराष्ट्र प्रदेश के चंद्रपुर सुपर थर्मल, नागपुर कोराडी , गोंदिया तिरोडा अदानी से होता है, जिसमें चंद्रपुर सुपर थर्मल पावर प्लांट है जो 3300 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन करता है। इसी प्रकार देश में सबसे पुराना बिजली संयंत्र अकोला जिले के पारस में स्थित है और भारत में प्रथम विद्युत संयंत्र महाराष्ट्र में ही तारापुर में स्थित है। राज्य में और भी बिजली संयंत्र है लेकिन महाराष्ट्र राज्य में ही सबसे अधिक बिजल की दरे कर दी गई है। पंडित सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि 2023 से निरंतर छह छह माह में बिजली की दरों में वृद्धि की जा रही है। यह बिजली देश के अन्य राज्यों को बेची जाती है और उन राज्यों में बिजली की दर महाराष्ट्र राज्य से काफी कम है। यह बात आम नागरिकों के दिमाग के परे है। इसके अलावा ना ना प्रकार के कर भी थोपे जाते हैं। विधानसभा चुनाव के पहले शासन ने बिजली दर काम करने का वादा किया था, लेकिन अभी तक उस विषय पर चुनाव के बाद ध्यान नहीं दिया गया है। जागृति विकास मंच के माध्यम से कार्यकारी अभियंता आनंद जैन, अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता प्रशांत टेंबेकर से चर्चा कर इस समस्या का निराकरण करने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जागृति विकास मंच के अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा, सचिव सूरज नशीने, महिला अध्यक्ष दिव्या भगत-पारधी, प्रफुल जैसवाल, आबिद शेख, प्रीतीश (छोटू) रामटेककर, राजू बिसेन, नरेश गजभिए, चंद्रप्रकाश गुप्ता प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

## आधार कार्ड अपडेटेशन के लिये परेशान होते लोगों की समस्या का श्री मारवाड़ी युवक मंडल ने किया समाधान..

### आधार जागरूकता एवं अपडेट शिविर का किया आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में अनेक नागरिक आधार कार्ड अपडेटेशन के लिये परेशान हो रहे थे, ऐसी स्थिति में आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिये भीषण गर्मी में राहत की व्यवस्थाओं के साथ श्री मारवाड़ी युवक***

मंडल, गोंदिया एवं सुव्यक्ति स्किल्स फाऊंडेशन दासगांव के संयुक्त तत्वावधान में धापीबाई बिंदल सभागृह, ईसरका मार्केट, मारवाड़ी चौक, गोंदिया में आधार जागरूकता एवं आधार अपडेट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नागरिकों को आधार कार्ड की महत्ता तथा समय-समय पर आधार जानकारी अद्यतन रखने के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मेरा आधार मेरी पहचान, अपडेटेड आधार सुरक्षित भविष्य, हर नागरिक की पहचान आधार महान वं आधार सही तो हर काम सही जैसे संदेशों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया।

उपस्थित लोगों को नए आधार पंजीकरण, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अपडेट तथा बायोमेट्रिक अपडेट संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महेश गोयल, रितेश अग्रवाल, बालमुकुंद माहेश्वरी, हर्षल पवार, अभिषेक अग्रवाल, आलोक खंडेलवाल, पदम अग्रवाल, अभिजीत सोनी, राजेश पनपलिया, आदेश शर्मा, मुकेश जलवान्या, विजय चन्ने, शिवम ठाकरे, संजय चौधरी एवं निखिल पटले ने सहभागिता करते हुए सहयोग किया।

### 2 और 3 जून को पुनः शिविर का आयोजन..

**श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एक दिवसीय आधार अपडेटेशन की सफलता के उपरांत पुनः श्री मारवाड़ी युवक मंडल कार्यकारिणी ने इसे आगे और बढ़ाने का निर्णय लिया है, तथा दिनांक 2 जुन मंगलवार एवं 3 जून बुधवार को दो दिवसीय आधार अपडेटेशन शिविर के माध्यम से संपूर्ण प्रक्रिया में संगठनात्मक प्रयासों से सभी की मदद की जायेगी।**

### - सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मो. नं. 9860558902 पर संपर्क करें।


गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोंस की जांच
- हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com